# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024






|| हरे कृष्णा ||
SINGHANIA™
BUILDCON GROUP
Building lifestyle since 1993
JAN-GAN-MAN
FREE
REGISTRY
NAMANTARAN
CLUB MEMBERSHIP
MAINTENANCE
25TH to 28TH JAN 2024
PREMIUM PLOTS
PLOT SIZE 600-1700 SQFT.
2, 3 & 4 BHK PREMIUM FLATS
Commercial Shops & Office Spaces
Rera Reg. No. : PCGRERA040123001580
www.rera.cgstate.gov.in
HARSHIT GOLD CITY
Near Vidhansabha, Raipur
RERA Reg. No. - PCGRERA270618000348
www.rera.cgstate.gov.in
HARSHIT LANDMARK
PREMIUM COMMERCIAL & RESIDENTIAL
Near AIIMS, Hirapur Chowk, Raipur
Rera Reg. No. : PCGRERA070718000488
www.rera.cgstate.gov.in
Harsh Bhoomi
[Near Vidhansabha, Raipur]
Residential Plots & Houses
PEACE OF MIND 100% GUARANTEED
TOWN & COUNTRY APPROVED PLANNING
CREDAI
Chhattisgarh
Rera Reg. No.: PCGRERA200618000241
Harshit Harmony
[Near AIIMS, Guma, Raipur]
Residential Plots & Houses
*T&C Apply
इस गणतंत्र दिवस पूरा करें अपने आशियाने का सपना
Contact for Booking 9827-321-321
www.singhaniabuildcon.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, गुरुवार 25 जनवरी 2024







# अयोध्याधाम के लिए छह आस्था स्पेशल, गोंदिया से दुर्ग-रायपुर होते पहली ट्रेन 31 को छूटेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अयोध्याधाम जाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन से छह आस्था स्पेशल ट्रेन चलेंगी। पहली ट्रेन 31 जनवरी को गोंदिया से रवाना होगी। गोंदिया के साथ दुर्ग, रायपुर व अनूपपुर रेलवे स्टेशन से भी यह सुविधा रहेगी। रायपुर से इस ट्रेन की सुविधा 18 फरवरी को मिलेगी। ट्रेन के परिचालन तिथि के साथ समय और जिन-जिन स्टेशनों पर स्टापेज दिया जाएगा, उसकी सूचना भी जारी कर दी गई है।

आस्था स्पेशल ट्रेन राज्य सरकार चला रही है, ताकि भक्त अयोध्याधाम पहुंचकर रामलला ▶▶| शेष पेज 2 पर

हरिभूमि सरोकार

## इस तरह होगा आस्था स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

### गोंदिया से 31 जनवरी व 25 फरवरी को

08201 ट्रेन गोंदिया से 10.05 बजे छूटकर 11.01 बजे डोंगरगढ़, 11.25 बजे राजनांदगांव, 12.10 बजे दुर्ग, 13.00 बजे रायपुर और भाटापारा स्टेशन में रुकते हुए 15.25 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसका स्टापेज या बोर्डिंग पाइंट पेंड्रारोड, अनूपपुर, शहडोल, उमिरया, कटनी व प्रयागराज जैसे प्रमुख स्टेशनों पर दिया गया है। अयोध्याधाम पहुंचने का समय 10.25 बजे निर्धारित किया गया है। वापसी में यह ट्रेन दो फरवरी और 27 फरवरी को अयोध्याधाम से छूटेगी।



- अयोध्याधाम के लिए स्टेशनों में ट्रेनों का स्टापेज व सूचना रेलवे ने की जारी

## 14 फरवरी को रायपुर से चलेगी आस्था ट्रेन

### 14 फरवरी को रायपुर से

आस्था स्पेशल ट्रेन रायपुर रेलवे स्टेशन से 08203 नंबर के साथ 13:00 बजे रवाना होगी और 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 8:59 बजे सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन और 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में 16 फरवरी को अयोध्या से रायपुर के लिए रवाना होगी।

### चार फरवरी दुर्ग से

08203 नंबर के साथ 11:10 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन 11:45 रायपुर, 12:38 बजे भाटापारा और 13:50 बजे उसलापुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 15:25 बजे पेंड्रारोड और कटनी, सतना, प्रयागराज व सुल्तानपुर रेल स्टेशन में ठहरते हुए 5:00 बजे अयोध्याधाम पहुंचगी। वापसी में यह ट्रेन छह फरवरी को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन से रवाना होगी।

### 18 फरवरी को बिलासपुर से

बिलासपुर से आस्था स्पेशल ट्रेन 08207 नंबर के साथ 15:05 बजे बिलासपुर रेलवे स्टेशन से रवाना होगी। इसके बाद 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 17:35 बजे अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह भी उस रेलमार्ग से चलेगी, जहां से दूसरी आस्था स्पेशल ट्रेन चल रही है। ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 21 फरवरी को अनूपपुर से

08211 नंबर के साथ एक और आस्था स्पेशल ट्रेन अनूपपुर रेलवे स्टेशन से छूटेगी। 17:40 बजे छूटने वाली यह ट्रेन 18:20 बजे शहडोल, 19:42 बजे उमरिया और सुल्तानपुर होते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में अयोध्यायधाम से यह ट्रेन 23 फरवरी को छूटेगी।



inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### रमन की जगह मूणत फहराएंगे झंडा



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस पर विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की जगह विधायक एवं पूर्व मंत्री राजेश मूणत राजनांदगांव में ध्वजारोहण करेंगे। आदेश में कहा गया है कि अपरिहार्य कारणों से डॉ. रमन सिंह के स्थान पर श्री मूणत ध्वजारोहण करेंगे।

### जोशीमठ में 14 उच्च खतरे वाले क्षेत्र चिन्हित



**देहरादून।** केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान ने भूधंसाव ग्रस्त जोशीमठ में 14 उच्च खतरे वाले क्षेत्र चिन्हित किए हैं। प्रशासन से वहां के निवासियों को मुआवजा लेने या उन्हें कहीं और बसाने का विकल्प देने की सिफारिश की है।

### वधावन बंधुओं को दी गई जमानत रद्द



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने करोड़ों रुपए के बैंक कर्ज घोटाला मामले में दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड के पूर्व प्रवर्तकों कपिल वधावन और उनके भाई धीरज वधावन को मिली जमानत बुधवार को रद्द कर दी।

लोकसभा चुनाव से पहले 'इंडिया' गठबंधन में दरार दिख रही है। पहले मायावती ने विपक्षी दलों की इंडिया गठबंधन में आने से इंकार कर दिया था। अब पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 'इंडिया' को बड़ा झटका दिया है। ममता ने बुधवार को ऐलान किया कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राज्य में लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। इस बीच, आप ने पंजाब में चुनाव लड़ने की तैयारी कर ली है।

## 'इंडिया' गठबंधन को बड़ा झटका

- पश्चिम बंगाल में टीएमसी अकेले लड़ेगी लोकसभा चुनाव
- आप ने पहले ही स्पष्ट कर दिया, पंजाब में नहीं करेगी कोई समझौता

हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है : ममता

# 'माया' मिली न 'ममता'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को बड़ा झटका देते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने बुधवार को घोषणा की है कि उनकी पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ने का फैसला किया है। बनर्जी ने कांग्रेस और टीएमसी के बीच सीटों के बंटवारे पर चल रहे टकराव के बीच कहा, मैंने उन्हें (कांग्रेस) सीटों के बंटवारे पर एक प्रस्ताव दिया था, लेकिन उन्होंने शुरू में ही इसे नकार दिया। हमारी पार्टी ने अब बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने सीटों के बंटवारे पर चर्चा को लेकर मीडिया में आ रही खबरों का भी खंडन किया और कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर ▶▶| शेष पेज 2 पर

### 'इंडिया' की बैठक से बनाई थी दूरी

तृणमूल कांग्रेस हाल में 'इंडिया' गठबंधन की एक डिजिटल माध्यम से आयोजित बैठक से दूर रही थी। कांग्रेस के लिए बंगाल में अपनी सीमाओं को पहचानने की आवश्यकता और राज्य की राजनीतिक लड़ाई का नेतृत्व टीएमसी को करने देने की अनुमति देने की आवश्यकता पर जोर दिया था। टीएमसी ने 2001 के विधानसभा चुनाव, 2009 के लोकसभा चुनाव और 2011 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस से गठबंधन किया था। ▶▶| शेष पेज 2 पर



2019 में किसकी कितनी सीटें

| | |
|---|---|
| टीएमसी | 22 |
| भाजपा | 18 |
| कांग्रेस | 2 |

### इधर, आप ने 40 नामों की बनाई सूची

पंजाब की सभी 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी अकेले लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इसके लिए अंदरूनी तौर पर आप ने पूरी तैयारी कर ली है। 13 लोकसभा सीटों पर 40 नामों की लिस्ट भी तैयार कर ली गई है।

### ममता शेरनी की तरह लड़ रहीं : ठाकरे

शिवसेना (यूबीटी) के नेता आदित्य ठाकरे ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी 'शेरनी' की तरह लड़ रही हैं। उनकी लड़ाई राज्य के लिए महत्वपूर्ण है।

### भाजपा ने कहा- 'इंडिया' के लिए मौत की घंटी

भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने का फैसला उनकी 'हताशा' का संकेत और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के लिए 'मौत की घंटी' है। भाजपा के सह-प्रभारी और पार्टी के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने का ममता बनर्जी का फैसला हताशा का संकेत है।

### कांग्रेस बोली- ममता के बिना 'इंडिया' की कल्पना नहीं

कांग्रेस ने कहा कि ममता के बिना विपक्षी गठबंधन इंडिया की कल्पना नहीं की जा सकती। पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम के उत्तरी सलमारा में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह उम्मीद भी जताई कि पश्चिम बंगाल में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' एकसाथ चुनाव लड़ेगा। रमेश ने कहा, आपने ममता जी का पूरा बयान नहीं पढ़ा है। पूरा बयान है कि हम भाजपा को हराना चाहते हैं और भाजपा को हराने के लिए कोई कदम पीछे नहीं लेंगे।

# धान खरीदी का लक्ष्य पूरा, अब तक 129.54 लाख मीट्रिक टन खरीदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के तहत एक नवंबर 2023 से धान खरीदी का अभियान निरंतर जारी है। राज्य की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा इस वर्ष मोदी की गारंटी के अनुरूप किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी की जा रही है। राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 129.54 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 27,504 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मार्कफेड के महाप्रबंधक के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 23 लाख 20 हजार 384 किसानों से 129 लाख 54 हजार 894 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 27 हजार 504 करोड़ रूपए ▶▶| शेष पेज 2 पर



### धान का निरंतर उठाव जारी

धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 99 लाख 71 हजार 399 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा 85 लाख 54 हजार मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है।

# पुलिस कैंप पर 400 से ज्यादा नक्सलियों ने बोला था धावा

खास खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नक्सल प्रभावित क्षेत्र स्थित धर्मावरम पुलिस कैंप को लूटने के नीयत से 400 से अधिक नक्सलियों ने 16 जनवरी की रात धर्मावरम पुलिस कैंप पर धावा बोला था। बावजूद जवानों की सतर्कता के चलते नक्सली अपनी मंशा पर कामयाब नहीं हो सके, उल्टा उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस हमले में जवाबी कार्रवाई में तीन नक्सली मारे गए थे। अब इसका वीडियो वायरल हुआ है।

गौरतलब है कि सुकमा-बीजापुर जिले के सरहद स्थित धर्मावरम पुलिस कैंप को लूटने की नीयत से नक्सलियों ने पूरी तैयारी के ▶▶| शेष पेज 2 पर

### बैकअप फोर्स न पहुंचे, इसलिए पास के कैम्पों पर भी कर रहे थे फायरिंग



### भारी मात्रा में विस्फोटक व सामान बरामद....

धर्मावरम कैंप में घुसने नक्सलियों की ओर से काफी प्रयास किया गया, लेकिन मोर्चे पर तैनात कोबरा 204 बटालियन और सीआरपीएफ 153 वीं बटालियन के जवानों ने उन्हें मुहतोड़ जवाब दिया, जिसके चलते ▶▶| शेष पेज 2 पर

### घास व झाड़ियों की पोशाक पहनकर पहुंचे थे नक्सली

नक्सलियों ने हमले की खासा तैयारी की गई थी और पहली बार खास तरह की पोशाक पहनकर कैंप पर हमला करने पहुंचे थे, ताकि कैंप में मौजूद जवान उन्हें पहचान नहीं पाए। नक्सली घांस और झाड़ियो से बनी पोशाक पहनकर जवानों को चकमा देते हुए पुलिस कैंप के अंदर दाखिल होना चाहते थे, लेकिन जवानों ने जवाबी फायरिंग में नक्सलियों को खदेड़ने में कामयाब रहे। जवानों की मुस्तैदी से नक्सली अपने ▶▶| शेष पेज 2 पर

कैबिनेट का फैसला जिला न्यायाधीश कहलाएंगे 'प्रधान जिला न्यायाधीश'

# प्रदेश में अब शराब की कोई भी नई दुकान नहीं खुलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में बुधवार रात तक चली मंत्रिपरिषद की बैठक में सरकार ने छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया गया है। यह निर्णय भी लिया गया है कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ के षष्ठम विधानसभा के द्वितीय सत्र ▶▶| शेष पेज 2 पर



### एक और अनुपूरक आएगा

तृतीय अनुपूरक अनुमान वर्ष 2023-2024 का विधानसभा में उपस्थापन हेतु छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। बजट अनुमान वर्ष 2024-25 का विधानसभा में उपस्थापन के लिए ▶▶| शेष पेज 2 पर

### डीजे होंगे अब प्रधान जिला न्यायधीश

छत्तीसगढ़ सिविल न्यायालय (संशोधन) विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया है। इस संशोधन में 'जिला न्यायाधीश' को 'प्रधान जिला न्यायाधीश' और 'अपर जिला न्यायाधीश' को 'जिला न्यायाधीश' करने का प्रावधान रखा गया है। इसी तरह 'व्यवहार न्यायाधीश प्रथम वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी' तथा 'व्यवहार ▶▶| शेष पेज 2 पर

## रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता, सीएम योगी खुद देख रहे व्यवस्था

# राम मंदिर में एक ही दिन में 3 करोड़ 17 लाख का चढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अयोध्या

राम मंदिर के उद्घाटन होते ही भक्तों की भीड़ रामलला के दर्शन को उमड़ पड़ी। पहले दिन मंगलवार को भीड़ को काबू करने में पुलिस-प्रशासन के पसीने छूट गए। खुद योगी आदित्यनाथ को मोर्चा संभालना पड़ा। अयोध्या पहुंची सीएम योगी ने अधिकारियों के साथ बैठक की और सख्त निर्देश दिए। श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन 22 जनवरी को रामभक्तों ने 3 करोड़ 17 लाख रुपए का दान देकर एक रिकॉर्ड कायम किया है। इधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में अयोध्या में रामलला के दर्शनार्थियों की भारी भीड़ को देखते हुए परिवहन विभाग, नगर विकास ▶▶| शेष पेज 2 पर

- मुख्यमंत्री योगी ने वीवीआईपी से की अपील, कहा- आने से सात दिन पहले बताएं



गर्भगृह में विराजमान



रामलला की दूसरी प्रतिमा



रामलला की तीसरी प्रतिमा

### रामलला की तीसरी मूर्ति आई सामने

**अयोध्या/लखनऊ।** के राम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की दो और मूर्तियां सामने आ गई है। रामलला के दूसरा विग्रह की तस्वीर भी अब सामने आ चुकी है। इसे प्रथम तल पर लगाया जा सकता है. इस मूर्ति को सत्य नारायण पांडे ने बनाया है। दूसरी मूर्ति की सामने आई तस्वीर में दिख रहा है कि वह श्वेत वर्ण की है. इसमें ▶▶| शेष पेज 2 पर

### पीएम की मंत्रियों को सलाह अभी न जाएं अयोध्या

रामलला प्राण प्रतिष्ठान के बाद से भक्तों की भारी भीड़ अयोध्या में उमड़ रही है। लोग भगवान राम का दर्शन करने को आतुर हैं। इसी बीच कैबिनेट मीटिंग के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों से अपील की है कि कम से कम मार्च तक अयोध्या में राम मंदिर का दौरा न करें। पीएम ने मंत्रियों को सुझाव दिया कि भारी भीड़ और प्रोटोकॉल वाले वीआईपी के कारण जनता को होने वाली असुविधा को रोकने के लिए, सभी केंद्रीय मंत्रियों को मार्च में अयोध्या जाने की अपनी यात्रा की योजना बनानी चाहिए ताकि भक्तों को दिक्कत न आए।




## चिंतन

# टीएमसी का अलग होना इंडि गठबंधन को धक्का

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) को एक और बड़ा झटका लगा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी ने घोषणा कर दी है कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव राज्य में अकेले लड़ेगी। इससे पहले बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने यूपी में अेकेले सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया था। इंडि गठबंधन बनने से लेकर अब तक सबकुछ ठीक नहीं है। तीन बैठकों के बाद भी न ही इंडिया ने अपना नेता चुना, न ही राज्यों में सीटों के बंटवारे को फाइनल किया। इंडिया के अंदर खटास मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के समय ही शुरू हो गया, जब समाजवादी पार्टी (सपा) कांग्रेस से नाराज हो गई। अभी जहां कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बिजी हैं, वहीं पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया के सहयोगियों के साथ सीट को अंतिम रूप नहीं दे पा रहे हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के कांग्रेस अपने दम पर सक्षम वाले बयान के बाद ही ममता ने एकला चलो का ऐलान किया। इंडिया के घटक दलों की शिकायत है कि कांग्रेस न ही तेजी से फैसला कर रही है और न ही सहयोगियों की स्थिति स्पष्ट कर रही है। महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव, एनसीपी के साथ कांग्रेस सीटों का फार्मूला तय नहीं कर पाई, यही स्थिति उत्तर प्रदेश में सपा के साथ है। दिल्ली व पंजाब में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी के बीच सीट बंटवारे का कोई फार्मूला नहीं निकल सका। आज ही पंजाब के सीएम भगवंत मान ने ऐलान किया है कि पंजाब में आप सभी 13 सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ भी अभी तक कांग्रेस ने सीट शेयरिंग पर कोई बात नहीं कर सकी है। इसको लेकर एनसी की तरफ से नाराजगी व्यक्त की जा चुकी है। कश्मीर में इंडिया में पीडीपी की स्थिति को लेकर भी कोई सीन स्पष्ट नहीं है। नॉर्थ ईस्ट में छोटे छोटे दलों के साथ भी कांग्रेस ने इंडिया में स्थिति स्पष्ट नहीं की है। करीब डेढ़ महीने बाद लोकसभा चुनाव का ऐलान होने वाला है, भाजपा नीत राजग अपनी चुनावी योजना को जमीन पर उतार रहा है, भाजपा प्रत्याशियों को फाइनल कर रही है, सहयोगियों के साथ सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे रही है, वहीं कांग्रेस यात्रा में व्यस्त है और सहयोगी असमंजस में हैं। कांग्रेस इंडिया का नेतृत्व भी करना चाहती है और सीटों शेयरिंग के फार्मूले को भी समय से स्पष्ट नहीं कर रही है। बिहार में नीतीश कुमार महागठबंधन में छटपटा रहे हैं, राजद व कांग्रेस के साथ सीट शेयिंग का मामला सुलझ नहीं पा रहा है। कांग्रेस की तरफ से उत्तर बनाम दक्षिण बयान पहले दिया जा चुका है। कांग्रेस दक्षिण भारत में अधिक फोकस कर रही है। अभी कर्नाटक व तेलंगाना में सरकार है, तमिलनाडु में वह डीएमके के साथ गठबंधन में है। केरल में उसकी वामपंथी नीत एलडीएफ के साथ तगड़ी फाइट है। यहां भी इंडि गठबंधन के अंदर भारी पेंच है। केरल, पंजाब में कांग्रेस का मुकाबला क्रमशः एलडीएफ और आप के साथ है, जो इंडिया के हिस्सा भी हैं। बंगाल में टीएमसी कांग्रेस को दो सीट देना चाहती है, इससे कांग्रेस खुश नहीं है। बंगाल में अगर इंडिया लड़ेगा तो ममता को वामदलों के लिए भी सीट देने होंगे, ऐसे में राजनीतिक नुकसान टीएमसी को होगा। बंगाल में टीएमसी और भाजपा के बीच सीधी फाइट है, इसलिए ममता कांग्रेस व वामदल को सीट देने के प्रति उदार नहीं हैं। इंडिया के अंदर असमंजस की स्थिति, दलों का अलग होना और नीति, नेता व एजेंडा पर खामोशी इस नवेले विपक्षी गठबंधन को अप्रासंगिक बना देंगे। राहुल गांधी की मुहब्ब्त की दुकान सजने से पहले ही बिखर जाएगी।



गणतंत्र दिवस
विवेक शुक्ला

# क्यों बदलती रही परेड की शक्ल

गणतंत्र दिवस परेड को कल (26 जनवरी) को करोड़ों लोग अपने घरों में टीवी पर देख रहे होंगे। इसी तरह से लाखों लोग परेड को उन मार्गों पर बैठकर या फिर किसी घर या बिल्डिंग की छत से देखेंगे जिधर से यह गुजरेगी। आप कह सकते हैं कि पंजाब में आतंकवाद के दौर से पहले राजपथ ( अब कर्तव्यपथ) पर आम इंसान भी मजे में पहुंच जाता था। पुलिस की सांकेतिक उपस्थिति रहती थी। उधर खोमचे वाले भी दिखाई देते थे और लोग खाने पीने की चीजें लेकर पहुंचते थे, पर पंजाब में आतंकवाद के पनपने के बाद सब कुछ बदल गया। फिर सुरक्षा व्यवस्था इतनी सख्त हो गई कि आमजन राजपथ जाने से ही बचने लगा। मशहूर कमेंटेटर जसदेव सिंह ने 1963 से लेकर 2013 तक लगातार गणतंत्र दिवस परेड का देश-दुनिया को आंखों देखा हाल आकाशवाणी और दूरदर्शन से सुनाया था। यानी वे आधी सदी तक 26 जनवरी पर परेड की कमेंट्री करते रहे। उन्होंने इस दौरान परेड के विस्तार और बदलते चेहरे को देखा। वे बताते थे कि चीन से 1962 में हुए युद्ध में उन्नीस रहने के कारण देश उदास था। उसकी अभिव्यक्ति 1963 की गणतंत्र दिवस परेड के फीकेपन में भी कहीं ना कहीं नजर आ रही थी। राजपथ से लेकर परेड के शेष हिस्सों जैसे कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, मिन्टो रोड, थामसन रोड वगैरह में जनता की भागेदारी कम रही थी। उस साल बाल वीर पुरस्कार भी नहीं दिए गए थे। ये 1959 में दिए जाने चालू हुए थे और सिर्फ उसी वर्ष इस पुरस्कार से किसी बच्चे को नवाजा नहीं गया था। यूं तो तो गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति रहे बराक ओबामा से लेकर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन मुख्य अतिथि रहे हैं, पर दक्षिण अफ्रीका के मुक्ति योद्धा नेल्सन मंडेला और मुक्केबाज मोहम्मद अली का राजपथ पर सबसे गर्मजोशी से उपस्थित अपार जनमसूह ने स्वागत किया। मंडेला 1995 में गणतंत्र दिवस परेड के मुख्य अतिथि थे। मंडेला जब तक परेड का आनंद ले रहे थे, तब वहां मैजूद दर्शक मंडेला के नारे लगा रहे थे। गणतंत्र दिवस पर राजपथ पर किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का मंडेला से अधिक उत्साह से स्वागत नहीं हुआ है। जसदेव सिंह बताते थे मंडेला की तरह राजपथ पर उपस्थित अपार जनसमूह ने मुक्केबाज मोहम्मद अली का भी करतल ध्वनि से अभिनंदन किया था। वे 1978 के गणतंत्र दिवस समारोह में खास अतिथि थे। उस गणतंत्र दिवस समारोह में कहने को मुख्य अतिथि आयरलैंड के राष्ट्रपति प्रेट्रिक हिलेरी थे, पर राजपथ पर सबकी निगाहें मोहम्मद अली को तलाश कर रही थीं। मोहम्मद अली परेड के शुरू होने से चंदेक मिनट पहले ही अपने स्थान पर विराजमान हो गए थे। वे अपने चाहने वालों के अभिवादन का उत्तर अपने मुक्के को हवा में घुमाते भी दे रहे थे। उनके इस तरह के करतब दिखाते ही दर्शक झूमने लगते थे। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी भी मोहम्मद अली को देख-देखकर मुस्करा रही थीं। जसदेव सिंह को इस बात का अफसोस भी था कि किस तरह गणतंत्र दिवस की परेड आम आदमी से दूर होती चली गई। उसके वहां तक पहुंचने में अवरोध खड़े किए जाते रहे। गणतंत्र दिवस पर सुनाई जाने वाली जसदेव सिंह की कमेंट्री को सुन-सुनकर कई पीढ़ियां बढ़ी हुईं। उन्होंने कुछ साल निजी खबरिया चैनलों पर भी परेड का आंखों देखा हाल सुनाया। जसदेव सिंह ने बाल वीर विजेता बच्चों को पहले हाथी पर परेड में गुजरता हुए देखा था। ये सिलसिला 2010 में खत्म हो गया था। फिर बच्चों को जीप में बैठाकर परेड में लेकर जाया जाने लगा। उन्हें ये बदलाव भी समझ नहीं आता था। उन्होंने परेड की समाप्ति के बाद पंडित जवाहर लाल नेहरु को लोगों से घुलते-मिलते देखा था। जसदेव सिंह 26 जनवरी को सुबह चार-साढ़े बजे राजपथ पहुंच जाते थे। वे देखते थे कि परेड के रूट पर लोग अल सुबह बैठ जाते थे। इनमें दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के गांवों के लोग भी होते थे। तब गणतंत्र दिवस की परेड को देखना मानो किसी पर्व पर व्रत रखने के समान ही होता था। दिल्ली वालों में गजब का जोश और उत्साह रहता था। कड़ाके की सर्दी के बावजूद वे अपने सुबह की परेड के रूट पर आग जलाकर बैठ जाते थे। 13 दिसंबर, 2001 को संसद पर हुए हमले के बाद साल 2002 की गणतंत्र दिवस परेड के रूट को सरकार ने बदल दिया था। इस तरह से पहली बार परेड का रूट बदला गया था। परेड के रूट को छोटा कर दिया। तब से परेड इंडिया गेट से आईटीओ, दरियागंज होते हुए लाल किले पर समाप्त होने लगी। इस तरह परेड ने कनॉट प्लेस में आना बंद कर दिया। राजधानी के दिल से गणतंत्र दिवस परेड देखने से लोग वंचित हो गए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



# सांस्कृतिक पुनर्जागरण के ध्वजवाहक मोदी

विश्लेषण
ओ. पी. चौधरी

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया।

आज हमारा देश राममय वातावरण में मग्न है। दुनियाभर के सनातनी बंधुओं ने एकता के सूत्र में बंधकर प्रभु श्रीराम के पुनरागमन का मंगल उत्सव मनाया, मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही देश में राम युग की शुरुआत हो गई। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा, 'आज हमें सदियों की धरोहर मिली है, श्रीराम का मंदिर मिला है। गुलामी की मानसिकता को तोड़कर उठ खड़ा होता राष्ट्र ऐसे ही नवइतिहास का सृजन करता है। श्रीराम की कितनी बड़ी कृपा है कि हम सब इस पल को घटित होते देख रहे हैं। ये हिंदू पुनरुत्थान का अमृतकाल है क्योंकि अब रामलला टेंट में नहीं रहेंगे, वे अब दिव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं।'

पीएम मोदी ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में 11 दिनों एक तपस्वी की भांति कठिन व्रत किया। वे यम नियम का पालन करते हुए मात्र 1 कम्बल के सहारे धरती पर सोए, प्रतिदिन दो नारियल पानी का सेवन एवं दिन में 108 बार राम रक्षास्त्रोतम का पाठ किया एवं देश के विभिन्न मंदिरों के अनवरत विग्रह दर्शन किया। लालकृष्ण आडवाणी के नेतृत्व में निकाली गई राम मंदिर जन्मभूमि आंदोलन की यात्रा से लेकर मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तक होने वाली इस संघर्षपूर्ण यात्रा में नरेंद्र मोदी केंद्र बिंदु रहे हैं। ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रभु श्रीराम ने स्वयं मोदी को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कराने का माध्यम बनाया हो।

नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में सांस्कृतिक भावना को पुनर्जीवित करने के लिए विगत 10 वर्षों में कई अहम प्रयास किए। 20 मई 2014 को जब प्रधानमंत्री मोदी पहली बार संसद पहुंचे तो उन्होंने संसद की सीढ़ियों पर माथा टेक कर लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश किया। यूपीए शासनकाल में छद्म सेक्युलरिज्म को हिंदुओं पर थोपा जा रहा था, लेकिन प्रधानमंत्री ने स्वयं को हिंदू राष्ट्रवादी बताकर देश में गर्वित हिंदू की भावना को उद्वेलित कर दिया। एक भारत, श्रेष्ठ भारत के ध्येय के साथ प्रधानमंत्री मोदी सम्पूर्ण भारत को संस्कृति के धागे से पिरोने में जुटे हुए हैं। किसी भी देश के विकास और उत्थान के लिए उसकी सांस्कृतिक विरासत सबसे अहम नींव होती है, प्रधानमंत्री मोदी ने इनके महत्व को समझते हुए प्राचीनकाल में भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक रहे धरोहरों का पुनर्विकास कराया। बाढ़ के कारण तबाह हो चुके केदारनाथ धाम को फिर से संवारा। गंगा नदी को स्वच्छ, अविरल बनाने के लिए देशव्यापी नमामि गंगे अभियान की शुरूआत की। केंद्र सरकार वेद विद्या को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जल्द ही महर्षि संदीपनी राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान के पांच क्षेत्रीय केंद्र द्वारका (गुजरात), रामेश्वरम(तमिलनाडु), जगन्नाथ पुरी(ओडिशा), बद्रीनाथ (उत्तराखंड) और गुवाहाटी में मां कामाख्या देवी में स्थापित हो रही हैं। मनुष्य जीवन में योग के महत्त्व समझाकर को प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय योग पद्धति को अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। कोरोना में शारीरिक दूरी बेहद आवश्यक थी, ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए जा रहे नमस्ते के अभिवादन को विश्व के अन्य राजनेताओं ने भी आत्मसात किया। आजादी के बाद देश को पहली बार जी20 की अध्यक्षता करने का अवसर मिला। मोदी ने देश की कला और संस्कृति से उन्होंने विश्व को परिचित



कराया। राजधानी दिल्ली के एयरपोर्ट से निकलते ही शीर्ष राष्ट्राध्यक्षों को यक्ष-यक्षिणी की नमस्कार मुद्रा में लगी प्रतिमाएं मिलीं तो भारत मंडपम के गेट के बिल्कुल सामने तमिलनाडु के स्वामीमलाई जिले के शिल्पकारों द्वारा तैयार भगवान शिव के नटराज स्वरूप की अष्टधातु मूर्ति दिखी। भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत कर रहे थे तब कोणार्क सूर्य मंदिर और नालंदा विश्वविद्यालय की तस्वीरें भी पीछे लगी हुई थीं।


अयोध्या में प्रभु श्रीराम के मंदिर का निर्माण हो या फिर केदारनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर हो या महाकाल का महालोक, चारधाम परियोजना हो जम्मू-कश्मीर में मंदिरों का जीर्णोद्धार या फिर भारतीय संस्कृति और सभ्यता के केंद्र, सभी फिर से अपना पुराना वैभव अर्जित कर रहे हैं। 500 वर्ष के कठिन संघर्ष के बाद आज हिंदू समाज आख़िरकार श्री राम जन्मभूमि पर राम लला को विराजमान होते देखा। राम मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त करने के लिए शांतिपूर्ण विधि व्यवस्था और सामजिक सौहार्द बनाए रखना बेहद जरूरी था। 2010 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा मंदिर भूमि के स्वामित्व को लेकर होने वाले फैसले के समय देश में एक अनिश्चितता और असुरक्षा की भावना पैदा हो गई थी। यूपीए सरकार के तुष्टिकरण और राम विरोधी सरकार को देखकर किसी अनहोनी की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो चुका था। उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में विधि व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही। प्रधानमंत्री मोदी के लिए यह विषय कितने महत्व का था, इसे इसी बात से समझा जा सकता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने पूर्व प्रधान सचिव नृपेन्द्र मिश्रा को मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया। अयोध्या धाम में विश्वस्तरीय आधारभूत संरचनाएं विकसित की गई। एयरपोर्ट, रेलवे और सड़क आवागमन बढ़ाने के साथ शहर का सुव्यवस्थित रूप से विकास किया गया। आधारभूत संरचनाओं के लिए केंद्र सरकार ने लगभग 85,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। भारत के टूरिज्म क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन बहुत बड़ा योगदान देता है। प्रतिष्ठित संस्था जेफरीज ने अपने रिपोर्ट में दावा किया है कि अयोध्या एक नए पर्यटक स्थल के रूप में उभरा है, रिपोर्ट के अनुसार वहां हर दिन 1-1.5 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे। अयोध्या में राम मंदिर की भव्य प्राण प्रतिष्ठा के बाद अब शहर में हर साल पांच करोड़ पर्यटकों के आने की संभावना है। यह संख्या विश्व के प्रमुख धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी और मक्का में जाने वाले श्रद्धालुओं से कहीं अधिक है। वेटिकन सिटी में हर साल करीब 90 लाख पर्यटक आते हैं, जबकि सऊदी अरब के मक्का में सालाना करीब दो करोड़ पर्यटक आते हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सुविचारित दृष्टिकोण राम मंदिर को राष्ट्रीय एकात्मता का परिचायक बना दिया है। मोदी का दृष्टिकोण था कि जिस तरह इस देश के लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर संसद भवन के निर्माण में राष्ट्रीयता समाविष्ट हुई, उसी प्रकार मानवीय मूल्य और आदर्श का सबसे बड़ा मंदिर यानी राम मंदिर भी राष्ट्रीयता का संवाहक बने। यह भाव-भावना राम मंदिर की नींव में भी निहित ह। 22 जनवरी का यह दिन देश के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो चुका है। धार्मिक, सांस्कृतिक पुनर्जागरण और प्रभु श्री राम के अयोध्या धाम में पुनरागमन के लिए यह दिन सदैव स्मरण किया जाएगा। श्रीराम के आदर्शों, उनके असीम ऊर्जा के स्त्रोतों और जीवन मूल्यों का अनुसरण देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लिए सदैव ही प्रासंगिक हैं। राम को किसी मजहब विशेष से नहीं बांधा जा सकता,राम सबके हैं। उनके मूल्य पूरी दुनिया को श्रेष्ठ व्यवस्था दे सकते हैं और दुनिया को विश्व युद्ध जैसी भयावहता से बचा सकते हैं और राम के उदात्त मूल्यों के कारण ही भारत को विश्व गुरु का दर्जा मिलता है।

(लेखक छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सजगता से दूर होती है चिंता



संकलित
दर्शन

जब तुम चिंता का अनुभव करो, बहुत चिंताग्रस्त हो जाओ, तब इस विधि का प्रयोग करो। इसके लिए क्या करना होगा? जब साधारणतः तुम्हें चिंता घेरती है, तब तुम क्या करते हो? तुम उसका हल ढूंढ़ते हो। उसके उपाय खोजते हो। लेकिन ऐसा करके तुम और भी चिंताग्रस्त हो जाते हो। तुम उपद्रव को बढ़ा लेते हो, क्योंकि विचार से चिंता का समाधान नहीं हो सकता है। विचार के द्वारा चिंता का विसर्जन नहीं हो सकता है, क्योंकि विचार स्वयं एक तरह की चिंता है। यह विधि बहुत आसान है। यह कहती है कि चिंता के साथ कुछ मत करो। सिर्फ सजग हो जाओ। मैं तुम्हें एक दूसरे जेन गुरु बोकोजू के संबंध में एक पुरानी कहानी सुनाता हूं। वह एक गुफा में अकेले रहते थे, बिल्कुल अकेले। लेकिन दिन में या कभी-कभी रात में भी वह जोरों से कहता थे, 'बोकोजू'। यह उनका अपना नाम था। और फिर वह खुद कहते, 'हां महोदय, मैं मौजूद हूं।' जबकि वहां कोई दूसरा नहीं होता था। उनके शिष्य उससे पूछते थे, 'क्यों आप अपना ही नाम पुकारते हैं और फिर खुद कहते हैं, हां, मैं उपस्थित हूं?' बोकोजू ने कहा, 'जब भी मैं विचार में डूबने लगता हूं तो मुझे सजग होना पड़ता है। इसीलिए मैं अपना नाम पुकारता हूं। जिस क्षण मैं बोकोजू कहता हूं और कहता हूं कि हां महाशय, मैं मौजूद हूं, उसी क्षण विचारणा, चिंता विलीन हो जाती है।' फिर अपने अंतिम दिनों में, आखिरी दो-तीन वर्षों में उन्होंने कभी अपना नाम नहीं पुकारा और न ही यह कहा कि हां, मैं मौजूद हूं। तब शिष्यों ने पूछा, 'गुरुदेव, अब आप ऐसा क्यों नहीं करते?' बोकोजू ने कहा, अब बोकोजू सदा मौजूद रहता है। *-ओशो*

## गुरु का स्थान श्रेष्ठ



संकलित
प्रेरणा

एक राजा को पढ़ने लिखने का बहुत शौक था। एक बार उसने मंत्री-परिषद् के माध्यम से अपने लिए एक शिक्षक की व्यवस्था की। शिक्षक राजा को पढ़ाने के लिए आने लगा। गुरु तो रोज खूब मेहनत करते थे परन्तु राजा को उस शिक्षा का कोई लाभ नहीं हो रहा था। राजा बड़ा परेशान, गुरु की प्रतिभा और योग्यता पर सवाल उठाना भी गलत था क्योंकि वो एक बहुत ही प्रसिद्ध और योग्य गुरु थे। आखिर में एक दिन रानी ने राजा को सलाह दी कि राजन आप इस सवाल का जवाब गुरु जी से ही पूछ कर देखिये। राजा ने एक दिन हिम्मत करके गुरुजी के सामने अपनी जिज्ञासा रखी, हे गुरुवर क्षमा कीजियेगा, मैं कई महिनो से आपसे शिक्षा ग्रहण कर रहा हूं पर मुझे इसका कोई लाभ नहीं हो रहा है। ऐसा क्यों है ? गुरुजी ने बड़े ही शांत स्वर में जवाब दिया: राजन इसका कारण बहुत ही सीधा सा है.. गुरुजी ने कहाः राजन बात बहुत छोटी है परन्तु आप अपने बड़े होने के अहंकार के कारण इसे समझ नहीं पा रहे हैं और परेशान और दुखी हैं। माना कि आप एक बहुत बड़े राजा हैं। आप हर दृष्टि से मुझ से पद और प्रतिष्ठा में बड़े हैं परन्तु यहां पर आप का और मेरा रिश्ता एक गुरु और शिष्य का है। गुरु होने के नाते मेरा स्थान आपसे उच्च होना चाहिए, परन्तु आप स्वयं ऊंचे सिंहासन पर बैठते हैं और मुझे अपने से नीचे के आसन पर बैठाते हैं। बस यही एक कारण है जिससे आपको न तो कोई शिक्षा प्राप्त हो रही है और न ही कोई ज्ञान मिल रहा है। आपके राजा होने के कारण मैं आप से यह बात नहीं कह पा रहा था।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**गरीबी उन्मूलन की योजनाएं जनता तक पहुंचे**

हाल में नीति आयोग ने देश की गरीबी के लिए आंकड़ा प्रस्तुत किया है, जिसमें यह बताया गया है कि देश में पिछले लगभग 9 वर्षों में लगभग 24 करोड़ से ऊपर के लोग गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, मुख्यतः तीन राज्यों मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और बिहार का आंकड़ा सकारात्मक है। इसका आकलन लोगों के जीवन स्तर, इनके रहन-सहन और शिक्षा के आधार से किया गया है। हमारे देश में गरीबी के वैसे तो बहुत से कारण हो सकते हैं, लेकिन जनसंख्या वृद्धि और पर्यावरण के कारण भी गरीबी बढ़ाने के लिए जिम्मेदार हैं। मौसम चक्र के बिगड़ने के कारण दुनिया भर में इसका कृषि पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है, इससे खाने-पीने की चीजों की कीमतों में बढ़ोतरी हो रही है, इससे महंगाई व गरीबी बढ़ेगी। *-विद्याधर शर्मा, बलौदाबाजार*

## ट्रेंड

### शांति का एकमात्र तरीका



दशकों से, दो-राज्य समाधान को कई बार अपनाया गया, ख़त्म किया गया और मृत अवस्था में छोड़ दिया गया। हालांकि, यह इज़राइल, फ़िलिस्तीन और क्षेत्र में टिकाऊ और न्यायसंगत शांति प्राप्त करने का एकमात्र तरीका है।
**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### हमले रोकने का आग्रह



हम लाल सागर में हमलों को चुनौती दिए बिना नहीं रहने दे सकते। मैं हूतियो से हमले रोकने का आग्रह करता हूं। ब्रिटेन निर्दोष लोगों की जान की रक्षा और नेविगेशन की स्वतंत्रता को संरक्षित करने के लिए फिर से प्रतिक्रिया देने में संकोच नहीं करेगा।
**-ऋषि सुनक, ब्रिटिश पीएम**

### हम रुकेंगे नहीं



अग्निपथ घोटाले ने भारत के देशभक्तों के साथ धोखा किया है-1.5 लाख युवाओं को पुरानी भर्ती से नियुक्ति का वादा कर बदले में बेरोज़गारी दी है। सरकार उन्हें या तो भर्ती दे या मुआवज़ा। हम रुकेंगे नहीं जब तक नहीं मिलेगा 'युवा न्याय'।
**-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद**


### आश्चर्यचकित हूं



मैं थोड़ा आश्चर्यचकित हूं कि इंग्लैंड ने तीन स्पिनरों के साथ उतरने का विकल्प चुना है। तीन स्पिनरों के लिए काफी काम करना होगा। स्पष्ट रूप से, उन्होंने पिच को एक बड़े, शुरुआती टर्नर के रूप में पढ़ा है। रूट के साथ इंग्लैंड के लिए अच्छा रहेगा।
**-हर्षा भोगले, क्रिकेट विशेषज्ञ**

## करंट अफेयर


# उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागीं कई मिसाइल



दक्षिण कोरिया की सेना ने बुधवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने उसके पश्चिमी तट के समीप समुद्र में कई क्रूज मिसाइल दागी हैं। इस बीच, वाणिज्यिक सेटेलाइट तस्वीरों से यह भी पता चला है कि उत्तर कोरिया ने अपनी राजधानी प्योंगयांग में दक्षिण कोरिया के साथ सुलह का प्रतीक 'विशाल तोरण' गिरा दिया है। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने पिछले हफ्ते इस स्मारक को 'आंख की कांटा' करार दिया था और उसे गिराने का आह्वान किया था। उन्होंने घोषणा की थी कि उत्तर कोरिया, दक्षिण कोरिया के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के पुराने लक्ष्य का परित्याग कर रहा है। उन्होंने दक्षिण कोरिया को सबसे बड़ा शत्रु घोषित करने के लिए संविधान के पुनर्लेखन का आदेश दिया था। मिसाइल का दागा जाना उत्तर कोरिया का इस साल का दूसरा ज्ञात (मिसाइल) लांच है। उससे पहले उसने 14 जनवरी को ठोस ईंधन वाली देश की पहली मध्यवर्ती बैलेस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। यह जापान और गुआम में अमेरिकी सैन्य अड्डों को लक्षित कर हथियारों के जखीरे में वृद्धि के उसके प्रयास को प्रदर्शित करता है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने बुधवार को कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं इन नवीनतम मिसाइल परीक्षणों का विश्लेषण कर रही हैं।

## ऑफ बीट

# आप धन देकर अपनी राख चंद्रमा पर दफना सकते हैं



जब नासा ने 8 जनवरी को 50 वर्षों बाद एक बार फिर चंद्रमा पर लौटने का प्रयास किया, तो 10 करोड़ 80 लाख अमेरिकी डॉलर मूल्य के विकास और उपकरणों के अलावा भी बहुत कुछ दॉव पर लगा था। एजेंसी को इस दौरान कुछ मूल अमेरिकी नवाज लोगों के गुस्से का सामना करना पड़ा, जिन्होंने पेलोड में एक असामान्य सामग्री होने के कारण लांच को रोकने का प्रयास किया। दरअसल पेरेग्रीन लैंडर (जिसने पिछले सप्ताह के अंत में वायुमंडल में अपना नियंत्रित पुनः प्रवेश पूरा किया) अपने साथ मानव राख ले जा रहा था, जिसमें प्रसिद्ध विज्ञान कथा लेखक आर्थर सी. क्लार्क की राख भी शामिल थी। एक व्यावसायिक साझेदारी के तहत भुगतान करने वाले ग्राहकों को चंद्रमा पर अपने स्मृति चिन्ह भेजने की अनुमति दी गई है। जैसे-जैसे अंतरिक्ष अन्वेषण तेजी से निजीकृत और व्यावसायिक होता जा रहा है, अब आप अपना पसंदीदा सामान चंद्रमा पर भेज सकते हैं। डील के तहत कोई भी व्यक्ति 500 अमेरिकी डॉलर से कम कीमत पर ढाई सेंटीमीटर गुणा पांच सेंटीमीटर का पैकेज चंद्रमा की सतह पर भेज सकता है। आकार के अलावा, प्रत्येक पैकेज में क्या हो सकता है, इस पर कुछ अन्य सीमाएँ थीं।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।


रायपुर
गुरुवार, 25 जनवरी 2024
पौष शुक्ल पक्ष पूर्णिमा
वर्ष : 22, अंक : 189
पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य : 5 .00**


**मौसम**
अधि. 23.3
न्यून. 15.1


# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



04
ध्रुव सरजा की फिल्म में हुई एंट्री


विचार पेज
सांस्कृतिक पुनर्जागरण के ध्वजवाहक मोदी







# धर्मांतरण पर धर्मयुद्ध... बागेश्वर धाम सरकार जाएंगे जशपुर और बस्तर, होगी रामकथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


**खास खबर**

धर्मांतरण पर छत्तीसगढ़ में माहौल गरमाने लगा है। एक तरफ नेताओं में बयानबाजी का दौर चल रहा है और दूसरी ओर संतों की वाणी भी मुखर हो गई है। बुधवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है, बस्तर और जशपुर इलाके में राम कथा करके धर्मांतरण रोका जाएगा। छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में जाकर वे धर्मांतरण रोकेंगे, बस्तर में भी रामकथा होगी। इसके लिए सनातन धर्म के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। हनुमंत कथा के सिलसिले में रायपुर पधारे पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बुधवार को पत्रकारों से चर्चा में ये कहा। उनसे पूछा गया कि ▶▶|शेष पेज 2 पर

## धर्मांतरण को लेकर खुलकर बोले बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### क्या दिव्य दरबार लगाना चमत्कार है?

जवाब में उन्होंने कहा, बिलकुल चमत्कार है। जब चादर चढ़ाना चमत्कार है, कैंडल जलाना चमत्कार है, मैं दिव्य दरबार लगाता हूं, हनुमान चालीसा पढ़ता हूं, तो पेट में दर्द क्यों?



### मंदिरों को तोड़ा जाना क्या उचित है?

पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा, मंदिरों को तोड़ा जाना धूर्तता है। अगर तोड़ना ही है, तो एशिया जिले के दूसरे नंबर के चर्च को तोड़कर दिखाएं। बागेश्वर धाम सरकार ने चर्चा के दौरान बताया, चंदखुरी का नाम बदलने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को प्रस्ताव देकर कहा है, इसका नाम कौशिल्या धाम रखें।

## अमरजीत बोले- कमी थी लोगों को संभाल नहीं पाए, अजय का पलटवार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का मुद्दा गर्म है, एक के बाद एक राजनेता इस मुद्दे पर बयान दे रहे हैं। इसे लेकर कांग्रेस के पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के बयान पर भाजपा के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने उन्हें पढ़ने-लिखने की सीख दी है। पूर्व मंत्री अमरजीत ने धर्मांतरण को ▶▶|शेष पेज 2 पर



### कांग्रेस का असली चरित्र

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा, धर्मांतरण को लेकर पूर्व मंत्री अमरजीत भगत प्रलाप न करके उस सच्चाई को स्वीकार करें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासनकाल में तुष्टीकरण करते हुए जबरिया धर्मांतरण को कांग्रेस और उसकी ▶▶|शेष पेज 2 पर

## खबर संक्षेप

### जवान ने अपने साथियों पर कर दी फायरिंग



**इंफाल।** हिंसाग्रस्त मणिपुर से फिर एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। असम राइफल्स के एक जवान ने अपने ही साथियों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी और फिर खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। इस गोलीबारी में असम राइफल्स के 6 जवान घायल हुए हैं।

### तमिलनाडु सरकार को लौटाएं जयललिता के गहने



**बेंगलुरु।** एक विशेष अदालत ने तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत जे जयललिता से जब्त किए गए सोने-हीरे के आभूषणों को तमिलनाडु सरकार को स्थानांतरित करने का निर्देश दिया है। तमिलनाडु सरकार इन आभूषणों को लेकर अंतिम निर्णय लेगी।

### टीएमसी नेता के आवास पर फिर से छापेमारी




**कोलकाता।** ईडी ने तृणमूल कांग्रेस नेता शाहजहां शेख के उत्तर 24 परगना जिला स्थित आवास पर रि छापेमारी की। ईडी ने घर को सील कर दिया और शेख को 29 जनवरी तक पूछताछ के लिए व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए नोटिस जारी किया।

### मंदिर प्रबंधन को धमकी पन्नू पर केस दर्ज



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस ने सिख फॉर जस्टिस के गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ धर्म और नस्ल के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच कटुता को बढ़ावा देने के आरोप में एक मामला दर्ज किया है। यह प्राथमिकी 23 जनवरी को अमृतसर के सुल्तानविंड थाने में दर्ज की गई।

### आर्ट ऑफ इंडिया का तीसरा संस्करण 28 से



**नई दिल्ली।** 'आर्ट ऑफ इंडिया' का तीसरा संस्करण 28 जनवरी से राष्ट्रीय राजधानी में शुरू होगा। इस कला महोत्सव में प्रख्यात चित्रकारों की पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगायी जाएगी। समीक्षक अलका पांडे की ओर से पेश इस संस्करण में राजा रवि वर्मा, बी प्रभा, एम एफ हुसैन, गणेश हलोई की पेंटिंग रखी जाएंगी।

# छह राज्यों में ठिठुरन, 16 राज्यों में धुंध उड़ानों पर असर, ट्रेनों की घटी रफ्तार

*राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड में कोल्ड वेव, छत्तीसगढ़ में भी दिखा असर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली/श्रीनगर

उत्तरभारत में तापमान में गिरावट जारी है। कई राज्यों में शीतलहर है। कोहरे के असर से दिल्ली, बिहार, हिमाचल प्रदेश में बुधवार को भी उड़ानों में देरी हुई। दिल्ली की करीब 24 ट्रेनें देरी से चल रही है। हाड़ कंपा देने वाली ठंड का सामना कर रहे जम्मू कश्मीर में बांदीपोरा सबसे ठंडा स्थान रहा और इस उत्तर कश्मीरी जिले में न्यूनतम तापमान शून्य से करीब आठ डिग्री सेल्सियस कम रहा। अधिकारियों ने बताया कि बांदीपोरा में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में न्यूनतम तापमान शून्य से 7.3 डिग्री सेल्सियस नीचे और शोपियां में शून्य से 6.9 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में मंगलवार रात को न्यूनतम तापमान शून्य से 5.3 डिग्री सेल्सियस नीचे रहा। अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 6.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

■ कश्मीर घाटी में शीत लहर का प्रकोप बढ़ा

*उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन लगातार बनी हुई है। मौसम विभाग ने राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में कोल्ड वेव का अलर्ट जारी किया है। 16 राज्यों में धुंध ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। 100 से अधिक उड़ानों पर असर पड़ा हैं, वहीं करीब 24 ट्रेनों की रफ्तार घट गई है। छत्तीसगढ़ में भी कोहरे के कारण एक उड़ान रद्द करनी पड़ी।*



### बिहार में येलो अलर्ट

*बिहार में अभी हाड़ कंपाने वाली भयंकर ठंड पड़ रही है। पटना समेत प्रदेश के कई शहर में शीतलहर की चपेट में हैं। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य भर में घने कोहरे की चेतावनी जारी की है। बुधवार को कुछ हिस्सों के लिए कोहरे का ऑरेंज और कुछ के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है।*

### कश्मीर में चिल्लई-कलां

कश्मीर में वर्तमान में 40 दिनों की भीषण सर्दी वाली अवधि चिल्लई-कलां जारी है। इन दिनों क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान बेहद नीचे चला जाता है, जिससे जल निकायों के साथ-साथ पाइप में भी पानी जम जाता है। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना अधिक होती है और अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। चिल्लई-कलां का दौर 31 जनवरी को खत्म होगा। इसके बाद 20 दिवसीय चिल्लई-खुर्द और 10 दिवसीय "चिल्लई-बच्चा" का दौर शुरू होगा। इस दौरान शीतलहर जारी रहेगी।

### दिल्लीवासियों को मिल सकती है राहत

दिल्ली में अब बारिश के चलते ठंड से कुछ राहत की उम्मीद है। इसके साथ ही मौसम विभाग ने 27 जनवरी 2024 को पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना जताई है, जिसका असर सबसे पहले 3 दिनों तक पहाड़ों पर पड़ेगा और फिर मैदानी इलाकों में देखा जाएगा। राष्ट्रीय राजधानी इस प्रणाली के हाशिये पर होगी लेकिन फिर भी बारिश की संभावना बनी रहेगी। इससे कड़कड़ाती ठंड पर भी लगाम लग सकती है हालांकि इस हफ्ते ठंड से कोई खास राहत मिलने की संभावना नहीं है।

पत्थलगांव विधायक सहित 6 को नोटिस

# गोमती साय के निर्वाचन को हाईकोर्ट में चुनौती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्थलगांव से भाजपा विधायक गोमती साय सहित 6 उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कांग्रेस प्रत्याशी रामपुकार सिंह ने याचिका दायर कर उनके निर्वाचन को चुनौती दी है। रामपुकार महज 255 वोटों से चुनाव हार गए थे। अगली सुनवाई 28 फरवरी को होगी। कांग्रेस उम्मीदवार रामपुकार सिंह ने याचिका में कहा है कि पोस्टल बैलेट का नियमानुसार हिसाब नहीं रखा गया। उनको बड़ी संख्या में मिले वोटों को निरस्त कर दिया गया। वीवीपैट का मिलान भी ईवीएम से नहीं किया गया है, जिस कारण वो हार गए। याचिका में चुनाव को निरस्त करने की मांग की गई है। याचिका में रामपुकार ▶▶|शेष पेज 2 पर

### नोटा को भी 3000 से अधिक वोट मिला

याचिका में गोमती साय और उनके चुनाव अभिकर्ता भाजपा के पदाधिकारियों पर रामपुकार के खराब स्वास्थ्य होने की अफवाह फैलाने का भी आरोप लगाया गया है। इस कारण या तो बहुत से समर्थक वोट डालने नहीं गए या फिर उन्होंने किसी दूसरे प्रत्याशी को वोट दे दिया। याचिका में बताया गया है कि चुनाव में राजाराम लकड़ा (आप), इनोसेंट कुजुर (बसपा), अनिल कुमार परहा (हमर राज पार्टी), नेहरू लकड़ा (जोगी कांग्रेस), स्थुराम पैकरा निर्दलीय सुनील कुमार ▶▶|शेष पेज 2 पर

# हिमंता बोले-लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार किए जाएंगे राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा ने एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा चुनाव के बाद गिरफ्तार किया जाएगा। असम पुलिस ने कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान हिंसा भड़काने के आरोप में राहुल गांधी और पार्टी नेताओं के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए प्राथमिकी दर्ज की थी।



### क्या था मामला?

यात्रा को शहर में प्रवेश नहीं दिया गया। इसके लिए रास्ते में बैरिकेडिंग की गई थी। कांग्रेस समर्थकों ने जब अवरोधक हटाए तो पुलिसकर्मियों के साथ उनकी झड़प हो गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन बोरा और राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया को चोट आई थी।

नागर विमानन महानिदेशालय ने की कार्रवाई

# सुरक्षा नियमों का उल्लंघन, एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

डीजीसीए ने उड़ानों के संबंध में सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के लिए एयरलाइन एयर इंडिया पर 1.10 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। नियामक ने एक हफ्ते में दूसरी बार एयर इंडिया पर जुर्माना लगाया है। नियामक को शिकायत मिली थी कि एयरलाइन ने आपातकालीन ऑक्सीजन आपूर्ति की अनिवार्य व्यवस्था के बिना अमेरिका के लिए बोइंग 777 विमान का परिचालन किया।



# रूस का सैन्य विमान क्रैश, 65 युद्धबंदियों की मौत

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस का एक सैन्य परिवहन विमान बुधवार को यूक्रेन की सीमा के नजदीक बेलगोरोड इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में 65 यूक्रेनियाई युद्धबंदी समेत 74 लोग सवार थे और सभी की मौत हो गई है। क्षेत्र के गवर्नर ने यह जानकारी दी। तत्काल यह स्पष्ट नहीं हो सका कि बेलगोरोड क्षेत्र में दुर्घटना का कारण क्या था। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

**दुर्घटना का कारण पता नहीं, तीन अन्य की भी मौत**




*यूक्रेन पर हमले के 700 दिन*

*यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू होने के 700 दिन पूरे हो गए हैं। जेलेंस्की ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मंगलवार तड़के 40 से अधिक बैलिस्टिक, क्रूज, विमान रोधी और निर्देशित मिसाइलों से तीन यूक्रेनी शहरों के 130 रिहायशी इमारतों पर हमला किया गया।*

### दुर्घटना के कारणों की जांच

*रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं। एक विशेष सैन्य आयोग दुर्घटनास्थल के लिए रवाना हुआ है। विमान में युद्धबंदियों के अलावा चालक दल के छह सदस्य और तीन अन्य सवार थे।*

### चीन में भीषण हादसा, शॉपिंग माल में आग, 25 की मौत

*बीजिंग। चीन के जियांग्शी प्रांत में बुधवार को आग लगने के कारण कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई। जियांग्शी प्रांत के युशुई जिले के अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को 15:24 बजे एक शॉपिंग मॉल के भूतल में आग लग गई। उन्होंने कहा कि 120 कर्मियों को घटनास्थल पर तैनात किया गया है। इनमें अग्निशमन विभाग के अलावा पुलिस और स्थानीय सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं।*

## छत्तीसगढ़ में फिलहाल हैं 76 लाख 94 हजार राशन कार्ड

# बदलेंगे राशन कार्ड, आज से नवीनीकरण पीएम, मुख्यमंत्री और मंत्री की होगी तस्वीर

*राशन वितरण नहीं होगा प्रभावित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

छत्तीसगढ़ में राशन कार्डों का नवीनीकरण 25 जनवरी से शुरू होगा। खास बात ये है कि नए बनने वाले राशन कार्डों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और खाद्यमंत्री दयालदास बघेल की तस्वीरें भी होंगी। नए कार्डों के रंग में कोई बदलाव नहीं होने की भी संभावना है। राज्य में ▶▶|शेष पेज 2 पर

### मोबाइल एप लांच, ऑफलाइन भी बनेंगे कार्ड

*राशनकार्डों के नवीनीकरण के लिए खाद्य विभाग द्वारा नया मोबाइल एप्प तैयार हो चुका है। इस एप को आज अपलोड करने के एक घंटे के भीतर* ▶▶|शेष पेज 2 पर



### केवायसी भी

राशनकार्ड में शामिल सदस्यों में से किसी भी एक सदस्य का ई-केवायसी पूर्ण होने की स्थिति में हितग्राही द्वारा मोबाइल एप के जरिए इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। इस प्रकिया से हितग्राहियों के राशनकार्ड फरवरी 2029 तक ई-केवायसी का कार्य भी तेजी से पूर्ण हो जाएगा।

### ऐसे होगा नवीनीकरण

*खाद्य विभाग द्वारा तैयार किए गए मोबाइल एप में हितग्राहियों के पास वर्तमान में उपलब्ध क्यूआर कोड को स्कैन करने की सुविधा है, जिसके जरिए राशनकार्ड के आवेदन संबंधी समस्त जानकारी स्वतः खाद्य विभाग के डेटाबेस से मोबाइल एप के जरिए उपलब्ध हो जाएगी, जिसकी पुष्टि हितग्राही द्वारा अपने मोबाइल के जरिए करते हुए आवेदन सुगमता से प्रस्तुत किया जा सकेगा। राशनकार्डधारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा राशनकार्ड के नवीनीकरण की प्रकिया को पहले से अधिक बेहतर तथा सरल बनाया गया है, ताकि कोई भी पात्र हितग्राही अपना राशनकार्ड नवीनीकृत कराने से वंचित न हो सके।*

**जहां नेट नहीं, वहां के लिए ये है प्रावधान**

बस्तर संभाग के जिले जहां मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है या नियमित कनेक्टिविटी नहीं है, वहां हितग्राहियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विशेष छूट का प्रावधान रखा गया है। साथ ही ऐसे अति वृद्ध तथा शारीरिक रूप से निःशक्त हितग्राही, जिनके द्वारा अपना ई-केवाईसी अब तक नहीं कराया गया है, उन्हें भी राशनकार्ड नवीनीकरण में विशेष सुविधा प्रदान की गई है।




## जैकेट के शेष

### अयोध्याधाम के लिए .....

के दर्शन कर सकें। हालांकि इस ट्रेन का टिकट और कैटरिंग की कमान आईआरसीटीसी के पास होगी। जिस दिन से आस्था स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई थी, लोगों को इसका बेसब्री से इंतजार था। टिकट की बुकिंग जाने व आने दोनों की होगी। इसीलिए यहां से छूटने वाली ट्रेनों के छूटने के साथ वापसी की जानकारी भी दी जाएगी, ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो।

**सात व 28 फरवरी दुर्ग से** : दुर्ग से दो दिन सात व 28 फरवरी को 08201 नंबर के साथ आस्था स्पेशल ट्रेन रवाना होगी। यह ट्रेन दुर्ग रेलवे स्टेशन 12:20 बजे छूटकर 15:25 बजे उसलापुर, 16:48 बजे पेंड्रारोड, 17:35 अनूपपुर और शहडोल, उमरिया समेत कुछ और प्रमुख रेलवे स्टेशनों में ठहरते हुए 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन नौ फरवरी व एक मार्च को अयोध्या से दुर्ग के लिए रवाना होगी।

### 18 फरवरी को .....

यह ट्रेन 10:35 बजे अयोध्याधाम रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। 20 फरवरी को ट्रेन अयोध्याधाम से बिलासपुर के लिए रवाना होगी।

### 'माया' मिली न .....

कांग्रेस में किसी से भी बात नहीं की है। उन्होंने कहा, अब, हमने तय किया है कि बंगाल में कांग्रेस के साथ कोई संबंध नहीं है। सूत्रों के अनुसार, ममता की पार्टी की ओर से कांग्रेस के 2019 के लोकसभा चुनाव के प्रदर्शन को देखते हुए उसे केवल दो सीट देने की पेशकश की गयी है जिसके लेकर दोनों दलों के बीच खींचतान बढ़ गयी है। टीएमसी, कांग्रेस, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) 28 विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का हिस्सा हैं। बनर्जी ने यह भी कहा कि पार्टी का राज्य में कांग्रेस से कोई रिश्ता नहीं होगा। उनकी ये टिप्पणियां कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने के एक दिन पहले आयी है। उन्होंने कहा, कांग्रेस को अपने दम पर 300 सीटों पर चुनाव लड़ने दीजिए। क्षेत्रीय दल एकजुट हैं और बाकी सीटों पर चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, हम उनके (कांग्रेस) किसी हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं करेंगे। टीएमसी सुप्रीमो ने कोलकाता में हाल में हुई एक रैली में भी ऐसी ही टिप्पणी की थी जहां उन्होंने कुछ क्षेत्रों में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करने के क्षेत्रीय नेताओं के विचार का समर्थन करते हुए सुझाव दिया था कि कांग्रेस अकेले अपने दम पर 300 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। विपक्षी गठबंधन के प्रति अटूट प्रतिबद्धता जताते हुए बनर्जी ने बुधवार को कहा, राष्ट्रीय स्तर पर हम 'इंडिया' गठबंधन का हिस्सा होने के तौर पर चुनाव के बाद अपनी रणनीति पर फैसला लेंगे। भाजपा को हराने के लिए जो भी हो सकता है, हम वह करेंगे।राहुल गांधी की अगुवाई वाली भारत न्याय यात्रा के बारे में उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उन्हें राज्य में यात्रा के कार्यक्रम के बारे में सूचित नहीं किया है। यह यात्रा बृहस्पतिवार को पश्चिम बंगाल में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा, शिष्टाचार के नाते, क्या उन्होंने (कांग्रेस) मुझे बताया कि वे यात्रा के लिए बंगाल आ रहे हैं? मुझे इसकी जानकारी नहीं है। अभी असम में चल रही इस यात्रा के 25 जनवरी को कूच बिहार जिले में बशीरहाट के जरिए पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने की संभावना है। दो दिन 26-27 जनवरी को विश्राम करने के बाद यात्रा 29 जनवरी को बिहार पहुंचने से पहले जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, उत्तर दिनाजपुर और दार्जीलिंग से गुजरेगी। यह एक फरवरी को राज्य से रवाना होने से पहले मालदा के जरिए 31 जनवरी को पश्चिम बंगाल में पुनः प्रवेश करेगी और मुर्शिदाबाद से गुजरेगी। मालदा और मुर्शिदाबाद दोनों ही कांग्रेस के गढ़ माने जाते हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और टीएमसी के मुखर आलोचक माने जाने वाले अधीर चौधरी ने कहा कि उनकी पार्टी पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी से सीटों के लिए 'भीख' नहीं मांगेगी। टीएमसी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राज्य में 22 सीटें, कांग्रेस ने दो और भाजपा ने 18 सीटें जीती थी।

### 'इंडिया' की बैठक .....

गठबंधन ने 2011 के चुनाव में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की अगुवाई वाले वाम मोर्चा की 34 साल पुरानी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया था।

### धान का खरीदी ....

से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है।

### पुलिस कैंप पर 400 .....

साथ हमला किया था। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ का बुधवार को खुलासा करते हुए सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि धर्मावरम पुलिस कैंप को लूटने के नीयत से 400 से अधिक नक्सलियों ने 16 जनवरी की रात धर्मावरम पुलिस कैंप पर धावा बोला था। नक्सलियों की ओर से देसी बीजीएल (बैरल ग्रेनेड लॉन्चर) भी दागे थे और जवानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग भी की गई थी, हालांकि जवानों ने भी तुरंत मोर्चा संभालते हुए नक्सलियों के गोलाबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया और तीन नक्सलियों को मार गिराया।

### भारी मात्रा में .....

नक्सली आगे नहीं बढ़ पाए। नक्सलियों के लड़ाकू को आगे आने का मौका ही नहीं दिया। सुकमा एसपी किरण चह्वाण ने बताया कि जंगली घास और झाड़ियां से तैयार पोशाक, जिसे नक्सलियों ने पहनकर हमला बोला था। नक्सलियों को खदेड़ने के बाद मुठभेड़ के दूसरे दिन इलाके की तलाशी में फोर्स को इस तरह के पोशाक के अलावा 3 सौ से अधिक देशी बीजीएल के खोखे व जिंदा आईईडी भी बरामद किया है। हमले के दौरान नक्सलियों की ओर से बैकअप पार्टी को धर्मावरम कैंप तक दूसरे कैंप से मदद नहीं मिले, इसके लिए मुख्य मार्ग पर कई जगहों पर पेड़ काटकर गिरा दिए थे और जगह-जगह आईडी भी प्लांट किया गया था। धर्मावरम कैंप में नक्सली और सुरक्षा बल के जवानों के बीच करीब 3 घंटे तक गोलीबारी हुई थी, जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली मैदान छोड़कर भाग खड़े हुए थे। वहीं घटना के बाद आसपास सर्चिंग करने पर 3 नक्सलियों के शव बरामद हुए थे।

### घास व झाड़ियों .....

नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके, इसका खुलासा तब हुआ जवानों ने मुठभेड़ का वीडियो जारी किया। जिसमें नक्सलियों द्वारा दागे गए बीजीएल के खोखे को जवानों ने इकट्ठा किया था। बताया जा रहा है कि 3 सौ से अधिक देसी बीजीएल के खोखे जवानों ने कैंप के आसपास और अंदर से बरामद किए हैं।

### प्रदेश में अब ....

फरवरी-मार्च 2024 हेतु राज्यपाल के अभिभाषण के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।

### एक और अनुपूरक .....

छत्तीसगढ़ विनियोग विधेयक-2024 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया। छत्तीसगढ़ आबकारी नीति वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुमोदन किया गया है। यह निर्णय लिया गया है कि कोई भी नई मदिरा दुकान नहीं खोली जाएगी।

### डीजे होंगे अब प्रधान ...

न्यायाधीश द्वितीय वर्ग' को 'व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी' तथा 'जिला न्यायालय' को 'प्रधान जिला न्यायालय' से प्रतिस्थापित करने का प्रावधान रखा गया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में ज्वाईंट रजिस्ट्रार (एम) के 5 पद आकस्मिकता निधि से सृजित करने का निर्णय लिया गया है।

## नीतीश के बाद लालू -तेजस्वी ने ठोकी ताल

# कर्पूरी ठाकुर पर श्रेय लेने को लेकर बिहार से लेकर दिल्ली तक सियासी पारा तेज

पूर्व सीएम की जयंती पर उन्हें दिया गया है भारत रत्न



एजेंसी ▶▶ पटना

जननायक कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार ने उन्हें भारत रत्न से नवाजने की घोषणा की है। इसको लेकर बिहार से लेकर दिल्ली तक सियासी पारा तेज हो गया है। लोकसभा चुनाव 2024 की रणभेरी कुछ महीने में बजने वाली है। ऐसे में बिहार में कर्पूरी जयंती को लेकर जदयू,राजद, भाजपा समेत सभी राजनीतिक पार्टियां एक दूसरे से आगे निकलने की होड़ में लगी हैं। भातर रत्न को लेकर सियासत में श्रेय लेने की होड़ सी मच गई है। केंद्र की मोदी सरकार के जननायक को भारत रत्न देने के निर्णय पर बिहार के सभी राजनीतिक दलों ने खुशी जताया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है तो उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने भी सोशल साइट एक्स पर पोस्ट कर केंद्र के फैसले पर धन्यवाद दिया है।

### लालू ने कहा

राजद के सुप्रीमो लालू यादव ने सोशल साइट के अपने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि 'मेरे राजनीतिक और वैचारिक गुरु स्व. कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न अब से बहुत पहले मिलना चाहिए था। हमने सदन से लेकर सड़क तक ये आवाज उठायी, लेकिन केंद्र सरकार तब जागी जब सामाजिक सरोकार की मौजूदा बिहार सरकार ने जातिगत जनगणना करवाई और आरक्षण का दायरा बहुजन हितार्थ बढ़ाया। डर ही सही राजनीति को दलित बहुजन सरोकार पर आना ही होगा। पटना में जदयू, राजद, भाजपा कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाई जा रही है।

### जदयू की सालों पुरानी मांग पूरी हुई : नीतीश

कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने के फैसले पर नीतीश कुमार की प्रतिक्रिया भी सामने आ गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी को भारत रत्न देने पर खुशी जाहिर की है। नीतीश कुमार ने कहा है कि केंद्र सरकार ने बिल्कुल सही फैसला सही किया है। जनता दल यूनाइटेड की सालों पुरानी मांग अब पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर की 100 वीं जयंती पर यह सर्वोच्च सम्मान दिए जाने की घोषणा दलितों, वंचितों और उपेक्षित तबकों के बीच सकारात्मक भाव पैदा करेगा। वह हमेशा से कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने की मांग करते रहे हैं। आज कर्पूरी ठाकुर को दिए जाने वाले इस सम्मान से उन्हें खुशी मिली है।


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै आहाना बनर्जी माता श्रीमती निमिषा बनर्जी निवासी फ्लैट नं. 503, ऐश्वर्या एम्पायर लाभांडी, रायपुर, छत्तीसगढ़.
यह शपथ करती हुँ कि मै अपने पुराने नाम आहाना चक्रवर्ती को त्याग कर नया नाम आहाना बनर्जी रख ली हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम आहाना बनर्जी माता श्रीमती निमिषा बनर्जी से ही जाना पहचाना जाये।

आहाना बनर्जी
फ्लैट नं. 503, ऐश्वर्या एम्पायर लाभांडी, रायपुर, छत्तीसगढ़

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै निमिषा बनर्जी पिता श्री सुब्रत कुमार बनर्जी निवासी फ्लैट नं. 503, ऐश्वर्या एम्पायर लाभांडी, रायपुर, छत्तीसगढ़.
यह शपथ करती हुँ कि मै अपने पुराने नाम निमिषा चक्रवर्ती को त्याग कर नया नाम निमिषा बनर्जी रख ली हूँ। अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम निमिषा बनर्जी पिता श्री सुब्रत कुमार बनर्जी से ही जाना पहचाना जाये।

निमिषा बनर्जी
फ्लैट नं. 503, ऐश्वर्या एम्पायर लाभांडी, रायपुर, छत्तीसगढ़


## खूंटी के तोरपा स्थित एनएचपीसी ग्राउंड में कार्यक्रम आयोजित

# सीएम सोरेन ने 'अबुआ आवास योजना' के बांटे स्वीकृति पत्र



**रांची।** अबुआ आवास योजना के तहत प्रथम चरण में खूंटी और सिमडेगा के लाभार्थियों को मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन द्वारा स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में सीएम सोरेन ने कहा कि 'झारखण्ड के आदिवासी मूलवासी और जरूरतमंद लोग बढ़ रहे हैं। बिहार राज्य से अलग होने के बाद झारखण्ड का यह पहला कदम है, जब सरकार लोगों को मान-सम्मान और अधिकार के साथ जीवन यापन कर सकने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस कड़ी में राज्य सरकार की अबुआ आवास योजना का शुभारम्भ यहां से हो रहा है। आज यहां आबुआ आवास योजना के तहत लोगों को योजना का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व में भी आपके बीच आकर आपको सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मंत्री आलमगीर आलम, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पुलिस उप महानिरीक्षक अनूप बिरथरे, उपायुक्त खूंटी, उपायुक्त सिमडेगा, पुलिस अधीक्षक खूंटी, पुलिस अधीक्षक सिमडेगा, खूंटी एवं सिमडेगा जिला के पदाधिकारीगण एवं हजारों की संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**वार्षिक मरम्मत अनुबंध हेतु निविदा सूचना**

क्रम सं. (1) : ई निविदा सं.: 156A- एसटी-टेंडर-2023. दिनांक: 17/01/2024.

कार्य : "तीन (03) वर्ष की अवधि के लिए खुली निविदा के माध्यम से मोटोरोला निर्मित 5 वाट मॉडल GP-238, VHF सेट वॉट मॉडल 950, 25 वॉट VHF सेट के लिए SMPS और 25 वॉट VHF सेट के लिए माइक्रोफोन रेडियो उपकरणों के लिए वार्षिक मरम्मत अनुबंध।"
**निविदा मूल्य** : ₹ 16,56,585.40/- (रुपये सोलह लाख छप्पन हजार पांच सौ पच्यासी एवं चालीस पैसे मात्र)। **अमानत राशि** : ₹ 33,100/- (रुपये तैंतीस हजार एक सौ मात्र)। निविदा का जमा होना : दिनांक 09.02.2024 के 13.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मण्डल संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर
सीपीआर/10/389 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

**छत्तीसगढ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर**
**प्रथम निविदा - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
Website- www.cgmsc.gov.in Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in
क्र./1335 / निर्माण / 2024 दिनांक 24/01/2024

| स. क्र. | नि.आ. सू.क्र. | कार्य का नाम | राशि (रु.लाख) |
|---|---|---|---|
| 1 | 9561 | जिला नारायणपुर में 100 बिस्तरीय मातृत्व एवं शिशु अस्पताल भवन का निर्माण कार्य । | 1116.11 |
| 2 | 9562 | जिला कोण्डागांव के धनोरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 233.86 |
| 3 | 9563 | जिला नारायणपुर के विखं. ओरछा के गारपा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र निर्माण कार्य । | 56.25 |
| 4 | 9564 | जिला दंतेवाड़ा वि.ख. गीदम के रोंजे में शासकीय आयुर्वेद औषधालय भवन का निर्माण कार्य । | 15.30 |
| 5 | 9565 | जिला कोण्डागांव के जिर्रापारा में उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कार्य । | 26.67 |
| 6 | 9566 | जिला बस्तर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पखनार, उप स्वास्थ्य केन्द्र ककनार, उप स्वास्थ्य केन्द्र पाउरबेल, उप स्वास्थ्य केन्द्र मारीकोडेर एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र बम्हनी में 06 बिस्तर अतिरिक्त कक्ष (ECRP) का निर्माण कार्य । | 45.70 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 29/01/2024 से देखी जा सकती है। उपरोक्त कार्यों की निविदा लो.नि.वि (2015) की दर से आमंत्रण की जा रही है, जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 19/02/2024 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी ।
S-39468/1 अधीक्षण अभियंता


## पेज एक के शेष

### धर्मांतरण पर धर्मयुद्ध...

धर्मांतरण की असली वजह क्या है? जवाब में उन्होंने कहा, दिशाहीन लोग और लोलुपता से भरी राजसत्ता धर्मांतरण की एक बड़ी वजह है। बागेश्वरधाम के पीठाधीश्वर ने जातिगत गणना के मुद्दे पर कहा, जातिवाद की गणना नहीं होनी चाहिए, बल्कि गरीब और परेशान कितने लोग हैं, इसकी गणना होनी चाहिए। जाति आधारित गणना में पैसा खर्च करना मूर्खता है।

### अमरजीत बोले- कमी थी लोगों...

लेकर बयान दिया है कि हिंदू धर्म से ही अन्य धर्मों का उदय हुआ है, इनके मूल में कहीं न कहीं हिंदू धर्म ही रहा है। उन्होंने कहा कि इनके अन्य धर्म में जाने के क्या कारण है। हिंदुओं को सहेज कर क्यों नहीं रखा जा रहा है। कहीं न कहीं गलतियां हुई हैं, जिसके कारण वे अलग हुए हैं। अपने आप में सुधार जरूरी है। उनके बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर ने कहा, अमरजीत को पढ़ना लिखना चाहिए। किसी व्यापक विषय को पढ़ने और समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा, हिंदू धर्म ही सनातन है, बाकि सब पंथ हैं और हिंदू धर्म से कोई अलग नहीं हुआ है।

### कांग्रेस का असली...

सरकार ने बढ़ावा दिया था। सनातन और हिन्दुत्व को लेकर लगातार दुष्प्रचार किया गया। स्वयं शासक रहे नेहरू परिवार का आचरण सनातन के विरुद्ध और तुष्टीकरण वाला रहा। इसके कारण निस्संदेह भारत और हिंदुत्व का नुकसान हुआ। इसकी जिम्मेदार केवल और केवल कांग्रेस और उसकी स्वार्थी राजनीति रही है। भाजपा जबसे सत्ता में आयी है, तब से हिन्दी, हिंदू और हिंदुस्थान मजबूत हुआ है।

### गोमती साय के निर्वाचन...

सिंह की ओर से कहा गया है कि उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसर को रिकाउंटिंग का आवेदन किया था, जिसे बिना किसी कारण के निरस्त कर दिया गया। आरोप है कि चुनाव आयोग के सभी आवश्यक दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए याचिकाकर्ता या उसके इलेक्शन एजेंट को बिना जानकारी दिए गोमती साय को निर्वाचित घोषित किया गया है।

### नोटा को भी 3000...

खलखो (भा.मु.पा) को एक हजार से अधिक और कुल मिलाकर 11500 से अधिक वोट मिले हैं। वहीं नोटा को भी 3000 से अधिक वोट मिला। याचिकाकर्ता का कहना है कि खराब स्वास्थ्य की अफवाह के कारण मुझे मिलने वाले वोट अन्य प्रत्याशियों को चले गए और परिणाम प्रभावित हुआ।

### बदलेंगे राशन...

वर्तमान में प्रचलित 76 लाख 94 हजार राशन कार्डों का नवीनीकरण राज्यभर में एक अभियान के तहत होगा। यह अभियान 25 जनवरी से शुरू होकर 29 फरवरी तक चलेगा। खास बात ये है कि नवीनीकरण मोबाइल एप के माध्यम से होगा। इस संबंध में राज्य के सभी कलेक्टर्स को खाद्य विभाग द्वारा आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

**राशन वितरण नहीं होगा प्रभावित** : खाद्य विभाग के संचालक जितेंद्र शुक्ला के अनुसार राशन कार्डों के नवीनीकरण अभियान के दौरान राशन वितरण की व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं होगा। लोगों को जिस तरह राशन मिल रहा है, वैसे ही मिलता रहेगा। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि किसी भी राशन कार्डधारी को नवीनीकरण की प्रक्रिया की वजह से कोई परेशानी नहीं आने दी जाएगी।

**गरीबों के लिए फ्री सामान्य को 10 रुपए** : अन्त्योदय, प्राथमिकता, निराश्रित तथा निःशक्तजन श्रेणी के जारी राशनकार्डों के लिए राशनकार्ड नवीनीकरण की पूर्ण प्रकिया निःशुल्क होगी तथा उन्हें नए राशनकार्ड प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की राशि का भुगतान नहीं करना होगा। यह राशि राज्य शासन द्वारा वहन की जाएगी। सामान्य श्रेणी के एप राशनकार्डधारियों के लिए नवीनीकरण के लिए 10 रुपए लगेंगे।

### मोबाइल एप लांच, ऑफलाइन...

254 हितग्राहियों द्वारा इसे डाउनलोड कर नवीनीकरण के लिए आवेदन प्रस्तुत भी कर दिया है। राशनकार्डधारी अपने मोबाइल में डाउनलोड कर राशनकार्ड के नवीनीकरण के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकता है। ऐसे हितग्राही जिनके पास एन्ड्राइड मोबाइल नहीं है अथवा जहां पर मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं है, वहां उचित मूल्य दुकान स्तर पर ऑनलाइन तथा ऑफलाइन प्रकिया के जरिए राशनकार्डों के लिए इलेक्ट्रानिक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान किया गया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद् कुम्हारी, जिला - दुर्ग (छ.ग.)**
**( सिटी मिशन प्रबंधन इकाई)**

क्रमांक /91/DAY-NULM/स्था.शाखा / 2024 कुम्हारी दिनांक 18/01/2024

**रूचि की अभिव्यक्ति**
**चतुर्थ आमंत्रण**

भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित दीनदयाल अंत्योदय योजना- राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल (Shelter for Urban Homeless) योजना अंतर्गत संजय नगर वार्ड क्र. 06 आत्मानंद स्कूल के सामने कुम्हारी में शहरी बेघरों के लिए सर्व सुविधा युक्त आश्रय स्थल संचालन हेतु संस्था का चयन किया जाना है।
आश्रय स्थल (SUH) संचालन हेतु निकाय में गठित पंजीकृत क्षेत्र स्तरीय संगठन (ALF ) से दिनांक 08/02/ 2024 शाम 4:00 बजे तक आर. एफ. पी. / EOI स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा। EOI खोलने की तिथि 09/02/ 2024 समय दोपहर 02:00 बजे है।
**टीप** :- विस्तृत नियम एवं शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाइट www.durg.gov.in में देखी जा सकती है।

*पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलिथीन का उपयोग ना करें।*

सिटी प्रोजेक्टर ऑफिसर
सिटी मिशन प्रबंधन इकाई
नगर पालिका परिषद कुम्हारी

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली (छ.ग.)**

क्रमांक/लो.क.वि./2024/1897 रिसाली, दिनांक 24/01/2024

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारो से 01 कार्य हेतु निविदा क्र. 152166 (2nd Call) ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
(नोट : ई टेण्डर में ऑफलाईन धरोहर राशि एवं शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदाकार की निविदा अमान्य किया जावेगा तथा दर को नहीं खोला जावेगा)
उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, रिसाली

**केन्द्रीय विद्यालय, चिरिमिरी**
**KENDRIYA VIDYALAYA, CHIRIMIRI**
(शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली)
[Ministry of Eductioan, Govt. of India, New Delhi]
पोस्ट सोनावानी कॉलरी / Post - sonawani Colliery
जिला : मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी - भरतपुर (छ ग). 497557/ Dist: Manendragarh- Chirmiri Bharatpur (CG)
URL:https://seclchirimiri.kvs.ac.in; kvchirimiri1@gmail.com

फा.क्र. 320051/के.वि.चि./2023-24/394 दिनांक : 24.01.2024

**साक्षात्कार (Walk-in-Interview)**

निम्नलिखित पदों हेतु अनुबंधित समय सीमा (पार्ट टाइम कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अधोलिखित दिनांक को विद्यालय परिसर में साक्षात्कार हेतु मूल प्रमाण पत्रों, उनकी सत्यापित छायाप्रति व दो नवीनतम छाया चित्र के साथ उपस्थित हों ।

| क्रं | पदनाम | साक्षात्कार का तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| 1. | स्नातकोत्तर शिक्षक (पी.जी.टी.) हिन्दी, अंग्रेजी, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, जीव-विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान। | 08.02.2024 प्रात: 10:00 बजे |
| 2. | प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं संस्कृत | |
| 3. | प्राथमिक शिक्षक, प्राथमिक शिक्षक (संगीत) | |
| 4. | प्रशिक्षक खेलकूद, योगा | |
| 5. | आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिक्षक (AI), कंप्यूटर अनुदेशक | |
| 6. | विशिष्ट शिक्षक (Special Educator), काउंसलर | |
| 7. | नर्स | |

नोट : 1. वेतन केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार देय होगा। उपरोक्त सभी पदों के शैक्षणिक योग्यता की जानकारी, परिणाम एवं विस्तृत दिशा निर्देश हेतु https://seclchirimiri.kvs.ac.in का अवलोकन करें।
2. इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन में दिए QR Code को स्कैन कर दिनांक 04.02.2024 तक ऑनलाइन गूगल फॉर्म को भर कर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में पात्र पाए जाने वाले अभ्यर्थीयों को ही साक्षात्कार का मौका दिया जाएगा।
3. आयु सीमा ( 31.03.2024 के अनुसार ) 18 से 65 वर्ष के मध्य होनी चाहिए ।
4. साक्षात्कार में सम्मिलित होने हेतु किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा।

प्राचार्य


## राशिफल

**मेष** – मन में शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष** – अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार के स्वास्थ का ध्यान रखें। कारोबार में कुछ समस्याएं आ सकती हैं। भाई-बहनों का सहयोग मिल सकता है।

**मिथुन** – मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन परेशान हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**सिंह** – शैक्षिक कार्यों में कठिनाई हो सकती है। सचेत रहें। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**कन्या** – मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु नौकरी में अफसरों से व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कोई जिम्मेदारी मिल सकती है।

**तुला** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। आत्मसंयत भी रहे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कोई अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परन्तु जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**मकर** – वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। आय में वृद्धि होगी।

**कुंभ** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु संयत भी रहें। क्रोध से बचें। सन्तान के स्वास्थ का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीन** – शान्ति एवं प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## शब्द पहेली - 5405



**बाएँ से दाएँ**
1.उथल-पुथल, कोलाहल-4
5.अस्पताल-4
8.पक्षाघात-3
9.मिट्टी, धूल-2
11.पुष्प, फूल, सुमन-3
12.बुरे कार्य करनेवाला-4
14.जादू, तंत्र-मंत्र-2
15.सौत, सपत्नी-3
17.साड़ी के किनारे पर लगाया जानेवाला लंबा कपड़ा-2
19.नगर में रहनेवाले-5
22.गणपति, गणेश-5
25.बागवान-2
26.जुदा, पृथक्-3
27.जी, इच्छा-2
28.पहरेदार-4
30.सिसकना-3
31.रहस्य-2
33.सोना,धतूरा-3
35.हृदयगति, स्पंदन-4
36.फिल्म 'मैंने प्यार किया' में सलमान की मां का किरदार निभानेवाली अभिनेत्री-2,2

**ऊपर से नीचे**
2.उद्देश्य,गंतव्य-2
3.राम-सीता के पुत्र-2,2
4.टालना-2,3
5.स्याही रखने का पात्र-3
6.क्षार-2
7.सुंदरी (उर्दू-4)
10.जबरदस्ती-4
13.होशियार-3
16.पुत्र,बेटा-3
17.रस्सी के फंदे पर लटकाना-2
18.जान,जीवन-2
20.जहर, विष-3
21.अदालत में प्रस्तुत वाद-2
22.छोटा रास्ता, कूचा-2
23.अपवित्रता (उर्दू-3)
24.पक्षियों का शोर-4
25.मानसिक सोच-5
26.गुनाह,जुर्म-4
28.रखवाली करना-4
29.मुर्गा-3
32.मूल, पेड़ का वह हिस्सा जो जमीन में रहता है-2
34.आमिर खान, ट्विंकल खन्ना की फिल्म-2

### शब्द पहेली- 5404 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | त | था | क | थि | त | | क | या | म | त |
| ना | प | | ह | | र | का | बी | | त | र |
| मु | | त | वा | य | फ | | ला | वा | | खा |
| ना | पा | क | | | दा | नी | | दा | म | न |
| सि | | दी | | प | र | | सा | | हि | |
| ब | ह | र | हा | ल | | नि | य | ला | प | न |
| | र | | नि | | आ | शा | | ज | | ज |
| अ | म | र | | अ | तं | | | वा | न | र |
| मा | | मा | न | | क | र | त | ब | | बं |
| न | या | | ज | ल | वा | | ना | | क | द |
| त | क | दी | र | | द | शा | व | ता | र | |

## सूडोकु नवताल - 5415

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल - 5414 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

# अंतरिम बजट : कृषि क्षेत्र की योजनाओं लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि संभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली





सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए एक फरवरी को पेश होने वाली अंतरिम बजट में कृषि क्षेत्र की योजनाओं के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है और ऋण पर जोर दे सकती है। वित्त वर्ष 2023-24 में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर एक साल पहले के चार प्रतिशत से घटकर 1.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करने वाली हैं, जो वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का आखिरी प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा।

## पीएम किसान निधि बढ़ सकती है

वर्ष 2019 के आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में सरकार ने पीएम-किसान सम्मान निधि की घोषणा की थी, जिसके तहत छोटे किसानों को सालाना 6,000 रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। चुनावी साल में ऐसी उम्मीदें हैं कि आगामी बजट में सहायता की मात्रा बढ़ सकती है।

## कृषि ऋण का 82 फीसदी लक्ष्य हासिल

चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार का कृषि-ऋण लक्ष्य 20 लाख करोड़ रुपये है। चालू वित्त वर्ष में दिसंबर, 2023 तक 20 लाख करोड़ रुपये के कृषि-ऋण लक्ष्य का लगभग 82 प्रतिशत हासिल कर लिया गया है।


## भंडारण को दिया जाना चाहिए बढ़ावा

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा कि अंतरिम बजट में समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिए कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों को प्रमुख प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि में बर्बादी या नुकसान को कम करने के लिए भंडारण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## बीज क्षेत्र में विदेशी निवेश हो सकता है आकर्षित

फेडरेशन ऑफ सीड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एफएसआईआई) के अध्यक्ष और सवाना सीड्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अजय राणा ने ऐसे नीतिगत माहौल पर जोर दिया जिससे बीज क्षेत्र में अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आकर्षित किया जा सके।

## गणतंत्र दिवस पर सिंघानिया बिल्डकॉन के चार प्रोजेक्ट में फ्री रजिस्ट्री ऑफर



रायपुर। रियल स्टेट की अग्रणी कंपनी सिंघानिया बिल्डकॉन ने अपने चार प्रोजेक्ट में फ्री रजिस्ट्री के साथ कई आकर्षक स्कीम और ऑफर की पेशकश कि हैं। जिसमें आप 25 से 28 जनवरी तक ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। चार प्रोजेक्ट हर्षित गोल्ड सिटी, हर्षित लैंडमार्क, हर्ष भूमि, हर्षित हार्मोनी में गणतंत्र दिवस के मौके पर ढेरों ऑफर पेश किए हैं। जिसमें आप तीन दिवसीय ऑफर में स्पॉट बुकिंग पर फ्री रजिस्ट्री का फायदा उठा सकते हैं।


**हर्षित गोल्ड सिटी-** विधानसभा रोड में नरदहा के पास स्थित हर्षित गोल्ड सिटी में 600 से 1700 स्क्वायर फीट साइज के प्लाट उपलब्ध हैं। निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, टेम्पल, स्वीमिंग पूल, गाजिबो, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है।

**हर्षित लैंडमार्क-** हीरापुर चौक रिंग रोड स्थित हर्षित लैंडमार्क में बजट फ्लैट्स खरीदने पर सिंघानिया बिल्डकॉन ग्रुप की ओर अपने ग्राहकों के लिए विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। हर्षित लैंडमार्क में निवास करने वाले परिवारों के लिए 24 घंटे पानी की सुविधा, स्ट्रीटलाइट, प्राकृतिक हरियाली से भरे गार्डन, कवर्ड बाउंड्रीवॉल के साथ 24 घंटे सिक्यूरिटी की सुविधा दी जा रही है।

**हर्षित हामोर्नी-**36 एकड़ में फैला हर्षित हामोर्नी आवासीय प्रोजेक्ट सर्व सुविधायुक्त एक शानदार आवासीय प्रोजेक्ट है, जहां 33 ज्यादा स्वतंत्र मकान रेडी टू पजेशन हैं। यहां 22 स्वतंत्र मकान पूरे होने के लिए तैयार हैं। राजधानी रायपुर के पश्चिम में तैयार हो रहे हर्षित हार्मोनी में करीब 30 परिवार निवासरत हैं।

# इस्पात बनाने में 50 प्रतिशत कबाड़ के उपयोग का लक्ष्य : सिंधिया

एजेंसी ▶▶| कोलकाता






केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि सरकार का हरित इस्पात पहल को बढ़ावा देने के लिए 2047 तक स्टील बनाने की प्रक्रिया में कबाड़ की हिस्सेदारी बढ़ाकर 50 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य है। सिंधिया ने एक सम्मेलन में इस्पात विनिर्माण में कबाड़ का उपयोग बढ़ाने की बात कही। इसका कारण कबाड़ और अन्य अपशिष्ट उत्पादों के माध्यम से धातु के विनिर्माण से प्रदूषण कम फैलता है। उन्होंने इसे 'हरित इस्पात पहल की दिशा में' कदम बताया।

*50 फीसदी लौह अयस्क के रूप में होगा : केंद्रीय मंत्री ने कोलकाता में 11वें अंतरराष्ट्रीय सामग्री पुनर्चक्रण सम्मेलन मे कहा, 'हमारे मंत्रालय के दृष्टिकोण पत्र 2047 के अनुसार अगले 25 साल में कबाड़ का प्रतिशत 50 प्रतिशत होगा और शेष 50 प्रतिशत लौह अयस्क के रूप में होगा।'*

## झटके से साल भर में काफी हद तक उबरा अदाणी समूह



**नई दिल्ली।** हिंडनबर्ग रिसर्च की साल भर पहले आई प्रतिकूल रिपोर्ट में लगाए गए कई आरोपों से अदाणी समूह की कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में तगड़ी गिरावट आ गई थी लेकिन समय बीतने के साथ अदाणी समूह काफी हद तक इस नुकसान की भरपाई करने में सफल रहा है। अमेरिकी शॉर्ट सेलिंग एवं शोध फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी, 2023 को जारी एक रिपोर्ट में अदाणी समूह की कंपनियों पर शेयरों के भाव में हेराफेरी और वित्तीय गड़बड़ियां करने के आरोप लगाए थे। हालांकि, समूह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज किया था।






## टीवी मसाला



# ... रो पड़ीं दीपिका, अरुण गोविल भी हुए निराश...

**मुंबई।** डीडी के रामायण में देवी सीता की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री दीपिका चिखलिया अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दौरान रो पड़ीं। अभिनेत्री मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रित कई सितारों में से एक थी। उनके साथ शो में भगवान राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल और लक्ष्मण का रोल निभाने वाले सुनील लाहिरी भी शामिल हुए थे। हाल ही में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, दीपिका न केवल दिखाई दीं बल्कि उद्घाटन के दौरान वो अपने आंसू पोंछती भी नजर आईं। जहां दीपिका अपने आंसू नहीं छिपा सकीं, वहीं अरुण गोविल ने निराशा व्यक्त की कि उन्हें उद्घाटन के दिन दर्शन नहीं मिल सके। रिपोर्ट के अनुसार, अरुण से राम मंदिर पर उनकी प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया और अभिनेता ने कहा, 'सपना तो भैया पूरा हो गया पर मुझे दर्शन नहीं हुए। मैं कुछ नहीं कह सकता इस समय (सपना तो पूरा हो गया लेकिन दर्शन नहीं कर पाया। मैं फिलहाल कुछ नहीं कह सकता)।'

# ध्रुव सरजा की फिल्म में हुई एंट्री



**मुंबई।** नोरा फतेही जितना बेहतरीन डांस करती हैं, उतनी ही बेहतरी एक्ट्रेस भी हैं। वह बॉलीवुड कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अब उनकी झोली में एक कन्नड़ फिल्म भी आ चुकी है। यह फिल्म कन्नड़ इंडस्ट्री के यंग सुपरस्टार ध्रुव सरजा के साथ देखेंगी। इस फिल्म में संजय दत्त भी विलेन के किरदार में नजर आएंगे। यह एक पैन इंडिया फिल्म होगी। यह फिल्म का टाइटल टीजर अक्टूबर 2022 में जारी हुआ था। ध्रुव सरजा स्टारर इस फिल्म का नाम 'केडी-द डेविल' है। फिल्म से नोहा का फर्स्ट लुक आउट हुआ है। फिल्म के फर्स्ट लुक में नोरा को रेड कलर की ड्रेस में दिखाया गया है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही हैं। नोरा का अनाउंसमेंट पोस्टर निश्चित रूप से फैंस के दिलों की धड़कनें बढ़ा रहा है। पैन-इंडिया फिल्म 'केडी- द डेविल' 1970 के दशक की बेंगलुरु की सच्ची घटनाओं पर आधारित एक पीरियड एक्शन एंटरटेनर है।

# शादी की सालगिरह पर लुटाया प्यार...



***मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और नताशा दलाल की बुधवार शादी की तीसरी सालगिरह थी। अपनी एनिवर्सरी के इस खास मौक पर एक्टर ने सोशल मीडिया पर पत्नी नताशा के साथ एक प्यारी सी फोटो शेयर की है। फैंस उनकी इस फोटो पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं। बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन और उनकी पत्नी नताशा दलाल अक्सर साथ स्पॉट किए जाते हैं, जो दोनों के बीच की शानदार बॉन्डिंग को दर्शाता है।*

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
## कार्यालय मुख्य अभियंता
## महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 151908 / निविदा सूचना क्र. 34 / वलेलि / 2023-24, बालोद दिनांक 23.01.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 13.02.2024 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - बालोद जिले के विकासखण्ड गुण्डरदेही की खरखरा मोंहदीपाट मध्यम परियोजना के कसही वितरक नहर के परना सब वितरक नहर आर. डी. 2520 मी. से 5880 मी. झीका माईनर नं. 01 आर. डी. 0 मी. से 1500 मी. झीका माईनर नं. 02 आर. डी. 0मी. से 1290 मी. कांदुल माईनर नं. 2 आर.डी. 0मी. से 960 मी. का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग, 03 नग व्ही. आर. बी. 11 नग फाल का मरम्मत, 12 नग व्ही. आर. बी. का मरम्मत एवं 03 नग इनलेट 04 नग आउटलेट का निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत** - रू. 289.33 लाख

अन्य विवरण एवं साइट एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 30.01.2024 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड़ किये जा सकते है ।

**नोट** : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है ।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, बालोद**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.**

G-07315/10

## CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION COMPANY LIMITED
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking)

No. 03-03/ TN-378/23-24/4801 Raipur, Dtd 23/ 01/2024

**E-TENDER NOTICE NO. TN-378**

Online bids are invited by the undersigned through CSPCL e-bidding system (SAP SRM) from Experienced & reputed contractors for Supply/ work as mentioned below:-

| S. No. | Tender no. /RFx no. | Description | Date & time for bid submission |
|---|---|---|---|
| 1. | HW-467/23-24 8100035751(Without RLA) | Deployment of 74 No. Skilled Manpower round the clock in three shifts for assistance in plant operation of A&B stream of CHP: External LDCC system at 4x210 MW, HTPS, CSPGCL, KW. | Up to 15.02.2024 15:00 Hrs |
| 2. | HW-468/23-24 8100035752(With RLA) | Daily cleaning of Coal conveyors system of Part-2 and Part-3 of CHP: Ext., LDCC System ,HTPS, Korba (West). | Up to 15.02.2024 15:00 Hrs |
| 3. | MW-466/23-24 8100035750(With RLA) | Supply of cooling water chemicals, dosing of chemicals and monitoring of cooling water parameters at 2x500MW, ABVTPS, Marwa. | Up to 15.02.2024 15:00 Hrs |
| 4. | CP-472/23-24 8100035759(With RLA) | Procurement of Mill outlet spares (Non-Ceramic) for DSPM, TPS, Korba East & HTPS, Korba West. | Up to 19.02.2024 15:00 Hrs |

The details of NIT can be viewed from our website www.cspc.co.in and the Tender Documents can be viewed and downloaded online from our e-bidding portal:- https://ebidding.cspcl.co.in:50724/irj/portal Any amendment/corrigendum, if required, will be displayed on our website only.

SAVE ELECTRCITY

Executive Director (S&P:Gen)
CSPGCL: Raipur

## कार्यालय नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़
ब्लॉक-1, 4थी फ्लोर, इंद्रावती भवन, अटल नगर रायपुर (छ.ग.)
0771-2235226, 2511988 controllerraipur@gmail.com

संख्या / / खाद्य - III / 2023 / 623 दिनांक 24/01/2024

**विज्ञापन**

भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य के मध्य हुये MoU वर्ष 2022-23 विस्तारित अवधि 2023-24 के अंतर्गत राज्य के खाद्य करोबारकर्ताओं का FosTac training (Basic course) कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित किये जाने संबंधी सूचना कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के द्वारा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत राज्य के खाद्य कारोबारकर्ताओं को 146 ब्लॉक मुख्यालय में ऑफलाईन FosTac training (basic course) कराया जाना है। प्रत्येक बैच में कम से कम 30 खाद्य कारोबारकर्ताओं का होना आवश्यक हैं इस हेतु भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली (FSSAI) के सभी Empaneled Training parterners से प्रशिक्षण कराये जाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक Training parterners द्वारा दिनांक 26.02.2024 समय दोपहर 01:00 बजे तक कार्यालय नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन ब्लॉक 01 4th Floor इंद्रावती भवन नवा रायपुर छत्तीसगढ़ के पते पर पंजीकृत डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर निविदा प्रस्तुत की जा सकती हैं। अनुबंध और प्रपत्र का विवरण विभागीय वेबसाइट (https://cghealth.nic.in) अथवा कार्यालय नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन, ब्लॉक 01 4th Floor इंद्रावती भवन नवा रायपुर छत्तीसगढ़ से लिया जा सकता हैं।

( नियंत्रक महोदय द्वारा अनुमोदित )

**सहायक आयुक्त**
**खाद्य एवं औषधि प्रशासन**
**छत्तीसगढ़**

G-07327/2

epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

**आवश्यकता है-** ग्लोबल' इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड में तत्काल परमानेंट भर्ती लड़के-लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन कार्यानुसार 7300+ 9500+ 11000+ 13500 + 15000 बाहर के लोगों को रहना+ खाना मेडिकल फ्री मार्कशीट की फोटो कॉपी+ 2 फोटो+ बायोडाटा के साथ। **संपर्क करे:- भिलाई पावर हाउस, ओवर ब्रिज के पास लक्ष्मी मेडिकल के बाजू में (छ.ग.) मो.- 91097-99525.** (RO-6301)

### गोडाऊन/कम्प्युटर

**आवश्यकता है-** डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.**(RO-meet)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### घरेलु/कुक कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में गृह कार्य झाडू- पोछा कपड़ा बर्तन साफ सफाई व शुद्ध शाकाहारी खाना बनाने हेतु शादीशुदा या अकेले पुरुषों एवं महिलाओं (जिनके बच्चे साथ में न रहते हो) की आवश्यकता है। **संपर्क करें:- 9977200093.** (RO-2147)

### सुरक्षाऑफिसर/गार्ड

**आवश्यकता है-** इंडो चैन प्रा. लि. भनपुरी में सिक्योरिटी ऑफिसर / सिक्योरिटी इंस्पेक्टर की आवश्यकता है। रहने, बिजली व मोबाइल की सुविधा दी जायेगी। खाने व बाइक का इंतजाम स्वयं करना होगा। सैलरी 25000 से 35000 प्रतिमाह। भूतपूर्व सैनिकों को प्राथमिकता। जो वर्तमान में सिक्योरिटी ऑफिसर या सिक्योरिटी इंस्पैक्टर है ये पोस्ट सिर्फ़ उनके लिए है सिक्योरिटी गार्ड संपर्क ना करें।न्यूनतम आयु 40 वर्ष व न्यूनतम 10 वर्ष का इसी कार्य का अनुभव अनिवार्य । **संपर्क समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 6232941921.** (RO-61)

**आवश्यकता है-** फैक्ट्री हेतु सुरक्षागार्ड, सुपरवाईजर-10, वेतन 14-20 हजार तक गार्ड 12-18 तक (PF+ ESIC + Bonus, खाना + आवास की सुविधा) 10वीं से स्नातक तक नोटः- वेतन प्रतिमाह 7 तारीख **को संपर्क- शिव सेक्युरिटी शॉप नं. 28 कमला सुपर बाजार, तेलघानी नाका, रेलवे स्टेशन, रायपुर (छ.ग.) फोन 0771-4036689, 8806770891, 7052408688** (RO-1084)

### एकाउन्टेंट

**आवश्यकता है-** एक असिस्टेंट एकाउन्टेंट की जो कि Tally ERP एंव MS Office की जानकारी रखता हो। **संपर्क करें- जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर फोन 0771-4075490, 7987927854, 7469980000** (RO-1093)

### इंटरनेट/चपरासी

**आवश्यकता है-** स्टाफ चाहिए कंप्यूटर में इंटरनेट कार्य हेतु (1पद लड़की) एवं ऑफिस बॉय चपरासी पद के लिए युवक (1पद) तुरंत आवश्यकता है फोन:- 9399463415.(RO-3700)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** विरदी साड़ी शोरूम हेतु 7 सेल्समेन,1 कम्प्यूटर ऑपरेटर, ड्राईवर-1 सभी रायपुर लोकल अनिवार्य,अनुभवी को प्राथमिकता, **विरदी साड़ी कंकालीपारा रायपुर समय 10.30-9.30, मो.,9425522577, 9340477419.** (RO-1412)

### टीचर

**आवश्यकता है-** ठाकुर अनिरुद्ध सिंह मेमोरियल स्कूल एवं सनराइज इंग्लिश स्कूल में ऑफिशल कार्य के लिए शिक्षिकाओं की आवश्यकता है जिन्हें पढ़ाई का तथा ऑफिशल कार्य का अनुभव हो **संपर्क:- मनोज सिंह ठाकुर (संचालक /सचिव) 9425203728.** (RO-2445)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है वेतन 8000/- महिना कार्य का समय सुबह 10.45 से शाम 6.30 बजे तक **संपर्क करें वायर हाऊस जवाहर नगर एम.जी.रोड रायपुर** (RO-1204)

क्लासीफाईड

**आवश्यकता है-** रेडीमेड दुकान में कार्य हेतु लड़के, लड़कियों एंव टेली आपरेटर (फिमेल) की **संपर्क करें राजेश होजियरी, रेमंड एवं माटेकार्लो शोरूम के पीछे मेन रोड पंडरी 9407923601, 9826908201.**(आरो-PM)

**आवश्यकता है-** मार्बल दुकान में काम करने हेतु अनुभवी व्यक्ति की आवश्यकता है। **क्वालिटी मार्बल एंड ग्रेनाइट पुलिस थाना रोड चंद्र नगर सुपेला भिलाई। 78281-04888.**(आरो न.-6315)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** सिविल लाइंस, रायपुर में घरेलू कार्य जैसे कपड़े आयरन,कपड़े धोना, कमरों की साफ़ सफ़ाई आदि हेतु 35 वर्ष से अधिक उम्र के महिला की आवश्यकता है। कार्य करने का समय सुबह 9 से रात 11 बजे तक। रहने हेतु रूम(रूम केवल कर्मचारी हेतु रहेगा परिवार के रहने की व्यवस्था नहीं दी जाएगी ) बिजली व तीन टाइम का खाना दिया जाएगा ।सैलरी 12000-15000 प्रतिमाह । मिलने आते वक्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, व दोनो डोज वैक्सीन सर्टिफिकेट अवश्य लाये। **संपर्क समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक 9340730994.** (RO-62)

### कुक

**आवश्यकता है-** रायपुर AIIMS के पास रेस्टोरेंट हेतु किचन - महिला कुक वेटर- महिला या पुरुष, डिलीवरी बवाय **संपर्क - 9926197172, 8225048516.** (RO-1094)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** कटनी में रहकर ऑफिस में कार्य हेतु 18 से 28वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस, रहना फ्री शीघ्र **सम्पर्क करें- 6264375417, 8965876358.** (RO-32658)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर का शादीशुदा होना व 30 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से दोपहर 3:00 । इंटरव्यू के लिए आते वक़्त अपना आधार कार्ड, बिजली बिल, व ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य लाये । सैलरी 18000/- प्रतिमाह । (किसी भी तरह की अन्य सुविधा जैसे रहना, ख़ाना,पेट्रोल नहीं दिया जायेगा ) **पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक :- 9340730994.** (RO-60)

**आवश्यकता है-** स्कूल बस/कार हेतु ड्राईवर की आवश्यकता है, 1 पद आवेदन 07 दिवस के भीतर अग्रसेन इंटरनेशनल स्कूल कुरूद रोड कोहका भिलाई में जमा करें। **संपर्क- 89595-93949** (आरो न.-399)

**आवश्यकता है-** तेलीबांधा रायपुर के पास कार चलाने हेतु अनुभवी ड्रायवर की आवश्यकता है। जिसे आटोमेटिक कार चलाना भी आता हो। **संपर्क करें। 97541-60228.**(RO-1205)

### पेट्रोल पंप कर्मी

**आवश्यकता है-** पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु उम्मीदवार की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति अपने समस्त बायोडाटा सहित **संपर्क करें- डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर।**(RO-428)

### कम्प्युटर ऑपरेटर

**आवश्यकता है-** एक्सपर्ट कंप्यूटर ऑपरेटर, जेम ऑनलाइन, हिंदी, इंग्लिश टाइपिंग पी एफ ई एस आई, जी एस टी वर्क करने हेतु कर्मचारी चाहिए सैलरी कार्य वेतन 10000/- सुरक्षा गार्ड चाहिए 10 वेतन 10000/-तुरंत **संपर्क करें 78692-84963, 93292-80863.** (आरो न.-395)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

### सेल्समैन/हेल्पर

**आवश्यकता है-** होलसेल कपड़ा व्यवसाय के मार्केटिंग कार्य हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है अनुभवी को प्राथमिकता। कार्य क्षेत्र- **भिलाई-दुर्ग-रायपुर संपर्क- 89595-44444.** (आरो न.-398)

**आवश्यकता है-** पंडरी स्थित मेंस वेयर शोरूम के लिए एक स्टोर मैनेजर, एथेनिक (कस्टमाइजेशन) के लिए सेल्समैन और हेल्पर की। इच्छुक व्यक्ति **संपर्क करें।- 9827113615.**(RO-3902)

### चौकीदार

**तत्काल आवश्यकता है:-** राजनांदगांव से 12 कि.मी. पर नए बन रहे मछली और बकरी फार्म में रह कर चौकीदारी करने वाले व्यक्तियों की। **संपर्क - 77229-16130.**(आरो न.-397)

### अन्य

**आवश्यकता है-** एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु सीधी भर्ती (पक्की परमानेंट नौकरी) तुरंत ट्रेनिंग शुरू अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (लड़के- लड़कियां) सैलरी (32900- 81770) सुपरवाइजर, ग्राउंड स्टाफ, चेकर, कंप्यूटर ऑपरेटर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (सभी फ्री सुविधाएं) **रायपुर 08929328091.** (RO-2441)

**आवश्यकता है-** Reliance Jio 5G कंपनी (SMS SENDING CALLING JOB) करके लड़के- लडकिया, गृहणिया, रिटायर्ड पर्सन, स्टूडेंट घरबैठे कमाए (21500- 48500 ) महीना (लैपटॉप + मोबाइल मुफ़्त ) NAME, **पता** QUALIFICATION, CALL / SMS / WHATSAPP **करें :- 8340144798.** (RO-1306)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:- APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर 9993444253, 8359913999, रायगढ़- 7869755871.**(RO-2447)

## Property प्रापर्टी

### फ्लैट

**FLAT FOR SALE -** 3BHK flat for sale from First Owner. 1352 SQFT, 4th Floor Maruti Heritage, Near Colours Mall, Raipur. Inclusive covered Parking, 3 Split ACs. Good Ventilation and Lighting. Interested contact **7387733062.** Brokers please excuse. (RO-1092)

### मकान

**मकान बेचना है-** भाटागांव अंतर राज्य बस स्टैंड के पास रावतपुरा कॉलोनी फेस -1, स्ट्रीट नंबर 5, मोहन भवन प्लॉट एरिया 15x60 टोटल 900sqf में निर्मित डबल मंजिला मकान बेचना है प्रथम तल में दो बेडरूम हाल किचन दो लेटबाथ द्वितीय तल भी एक सामान है **संपर्क:- 7000439483.** (RO-1086)

### प्लाट

**प्लॉट उपलब्ध है-** भिलाई-दुर्ग के प्राइम लोकेशन में प्लॉट्स,*पक्की सड़क, नाली, बिजली, गार्डन, ओपनजिम, स्विमिंगपूल* सुविधा के साथ, आवासीय डाइवर्टेड प्लॉट्स उपलब्ध। **संपर्क कॉल या व्हाट्सएप करे 88210-18666.**(आरो न.-396)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## एजूकेशन स्पेशल

**ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट**
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
संपूर्ण भारत में 50 से अधिक केन्द्र
**सेनेटरी इंस्पेक्टर**
(न्यूनतम योग्यता -12वीं पास)
एक वर्षीय कोर्स
हॉलिडे बैच की सुविधा उपलब्ध
**रोजगार के अवसर**
नगर निगम / पालिका / पंचायत, रेल्वे, AIIMS, कंटोन्मेंट बोर्ड (रक्षा विभाग), पेस्ट कंट्रोल एजेंसीज, होटल एवं हॉस्पिटलिटी उद्योग, जलापूर्ति एवं विसंक्रमण एजेंसी, चिनी मिल, स्वच्छ भारत अभियान पर केन्द्रित संगठन एवं अन्य विभाग.
ऑनलाईन एवं ऑफलाईन प्रवेश की सुविधा
स्वच्छता योद्धा बने **प्रवेश** हेतु
**संपर्क करें- 7987637627, 9977337777, 0771-4915511**
प्रथम तल, आदर्श टावर, लिबास टेलर के बाजु, तात्यापारा चौक के पास, रायपुर, (छ.ग.) 492001,
Website: www.aiilsg.org

## For Rent किराया

**किराये से उपलब्ध है-** 1. आर के मॉल के सामने मोहबा बाजार में 4000 वर्गफीट निर्मित + 2000 वर्गफीट शेड तथा 2.6600 + में निर्मित ऑफिस/शोरूम दोनों ऑटोमोबाइल व शोरूम, ऑफिस आदि के लिए उपयुक्त हैं सभी सुविधाओं व अप्रूवल के साथ **संपर्क - 98271-13615, 98274-72643.** (RO-3901)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** फ्रीसेवा घरबैठे समाधान 7347259119 प्यार में धोखा, वशीकरण , सौतन दुश्मन छुटकारा लवमैरिज , रूठें मनाना, ग्रहकलेश , कियाकराया, दवाई ना लगना , कारोबार, प्रेमी पति संतान अनबन (समस्या कैसीभी जड़से खत्म) 7347259119. (RO-12146)

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध मे उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

# Healthcare

**ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद**



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुनः प्राप्त करें।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- निःसंतान दम्पति आज ही मिले।

आज ही संपर्क करें
**श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार**
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

**गुप्त रोगी स्वयं मिले**



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

मशीनों द्वारा जांच
अचूक दवाओं का सम्पूर्ण मिश्रण आपकी परेशानी का मात्र 1 दिन में सम्पूर्ण ईलाज
संपर्क **डॉ. अहमद**
**जे.जे. हॉस्पिटल**
होटल आशीष इंटरनेशनल जी.ई.रोड पॉवर हॉउस बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन: सुबह 9 से शाम 7 बजे रविवार 9 से 4 बजे तक
9098889899

**हर्पिस रोग, सिफलिस- रुबेला, हेपाटाइटिस व एच.आई.वी.(HIV) एवं यौन समस्या**

स्त्री पुरुष के गुप्तांग (योनि एवं इन्द्रिय) में दाने, छाले, फुंसी, लाल होना, फटना, जलन व दर्द योनि से सफेद लाल बदबूदार पानी शरीर में जलन, बुखार जैसा लगते रहना, मुंह में छाले, शरीर में पानी भरे फफोले, इन्द्रीय से पीब(पस) जाना शरीर में सुखी खुजली होते हो तो यह हर्पिस रोग (जोस्टर, जेन्टेलियस, सिम्पलेक्स) रुबेला, सिंगल्स, सिफलिस, गौनोरिया, हेपाटाईटिस या एच.आई.वी (HIV AIDS) भी हो सकता हैं। तुरंत खून की जाँच करायें इसकी स्थायी चिकित्सा आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।

**यौन समस्या :**
इन्द्रीय का शिथिल होना वीर्य का पतलापन या नहीं बनना मधुमेय जन्य नपुंसकता, नसों की सिकुड़न, इरेक्टाइल डीसफंक्शन, लिंग का लकवा (पेनाइल पैरालाइस) शीघ्र पतन, स्वप्न दोष, उत्तेजना की कमी, हस्तमैथुन जन्य नपुंसकता, मूत्र मार्ग से सफेदी जाना, जलन ऐसे होते हो तो ध्यान रहें उपरोक्त बीमारियों का स्थाई ईलाज केवल आयुर्वेद के रस रसायन में ही है।

बायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर सेंटर
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
**सुविख्यात चिकित्सक**
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
डॉ. वी. के. अग्रवाल
(बीएएमएस, आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ)
निशांत अग्रवाल
फार्मा साईटिस्ट
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरूप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग,। 9425555659, 9617789223, 9303948500,,9303242200
समय शाम 4 -7 बजे तक।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)



# विंटर सीजन के 10 सुपर फूड्स

सर्दियों में शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए रखने और अन्य बीमारियों से बचाव में सुपर फूड्स का सेवन बहुत कारगर है। यहां हम आपको 10 सुपर फूड्स और उनके फायदों के बारे में बता रहे हैं।

डाइट सजेशन
विनीता

सर्दी के मौसम में ठंड से बचाव और शरीर सक्रिय बनाए रखने के लिए कुछ खाद्य पदार्थ मौजूद होते हैं, जिनका नियमित सेवन स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद साबित होता है। इनके सेवन से इम्यूनिटी बढ़ती है। साथ ही इनमें कई ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स भी मौजूद होते हैं, जो कई बीमारियों से बचाव में मददगार होते हैं। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ सुपर फूड्स के बारे में।

**आंवला:** विटामिन सी, डायटरी फाइबर, कैल्शियम, आयरन और एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर आंवला शरीर के इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाता है। आंवला का नियमित सेवन सर्दी, जुकाम, खांसी और बुखार से बचाव में मददगार होता है। इसके लिए प्रतिदिन दो या तीन आंवले का सेवन करें।

**चुकंदर:** एंटीऑक्सीडेंट तत्वों और आयरन से भरपूर चुकंदर एनीमिया दूर करने में मददगार साबित होता है। साथ ही यह हाई ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखता है। इसमें कैंसररोधी तत्व भी पाए जाते हैं। इसलिए प्रतिदिन सुबह चुकंदर का जूस पीना बहुत फायदेमंद साबित होता है।





**गुड़:** इसमें मौजूद आयरन, हीमोग्लोबिन बढ़ाने के साथ एनीमिया से बचाव में मददगार होते हैं। गुड़ में पर्याप्त मात्रा में मैग्नीशियम और पोटैशियम जैसे पोषक तत्व भी मौजूद होते हैं, जो हड्डियों और मांसपेशियों को मजबूत बनाने, ब्लडप्रेशर को संतुलित रखने और ब्रेन को दुरुस्त रखने में मददगार होते हैं। अगर आपको डायबिटीज की समस्या ना हो तो नियमित रूप से गुड़ का सेवन करें।



**बाजरा:** इसमें पर्याप्त मात्रा में कार्बोहाइड्रेट पाया जाता है, जो ठंड से बचाव में मददगार होता है। इसमें आयरन, मैग्नीशियम, फास्फोरस और विटमिन बी-12 पाया जाता है। इसका नियमित सेवन हड्डियों, मांसपेशियों को मजबूत बनाता है। साथ ही स्मरण शक्ति को बढ़ाने में भी मददगार होता है। बाजरे के आटे से बनी रोटियां सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद होती हैं।

**गाजर:** प्रोटीन और विटामिन ए से युक्त गाजर आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें कई पौष्टिक प्लांट कंपाउंड्स होते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को घटाकर दिल को भी स्वस्थ रखते हैं। इसलिए सर्दियों में दो या तीन गाजर का सेवन नियमित रूप से करें।

**पालक:** सर्दियों में भरपूर मात्रा में पालक का सेवन करें, क्योंकि पालक में अल्फा लिपिक एसिड नामक एंटीऑक्सीडेंट तत्व पाया जाता है, जो शरीर के शुगर लेवल को नियंत्रित रखता है। इसमें मौजूद पोटैशियम हाई ब्लडप्रेशर को नियंत्रित रखने में मददगार होता है। इसीलिए प्रतिदिन 100 ग्राम पालक का सेवन किया जा सकता है, इसका सूप भी सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होता है।

**मूंगफली:** इसमें रेसवेराट्रॉल नामक बायोएक्टिव तत्व पाया जाता है, जो ब्रेन को दुरुस्त बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद मैगनीज, फॉस्फोरस और अन्य विटमिंस हड्डियों को मजबूत बनाने में मददगार साबित होते हैं। प्रतिदिन मुट्ठी भर मूंगफली का सेवन सेहत के लिए बहुत फायदेमंद साबित होता है।

**टमाटर:** टमाटर में लाइकोपिन नामक तत्व पाया जाता है, जो बैड कोलेस्ट्रॉल एलडीएल (लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन) को बढ़ने से रोककर दिल की बीमारियों से बचाव में मददगार होता है। यह शुगर लेवल को नियंत्रित करता है। हड्डियों और त्वचा के लिए भी फायदेमंद होता है। इसलिए इन सर्दियों में प्रतिदिन टमाटर का सेवन जरूर करें।

**मूली:** मूली में एंथोसायनिन नामक फ्लेवोनॉयड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो दिल को स्वस्थ बनाए रखने में मददगार होता है। इसमें मौजूद फाइबर पाचन तंत्र को दुरुस्त रखता है। विटामिन सी से भरपूर मूली इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाने में मददगार साबित होती है।

**शकरकंद:** बीटा कैरोटिन और कई एंटीऑक्सीडेंट तत्वों से भरपूर शकरकंद का सेवन दिल और आंखों के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद डायटरी फाइबर्स, कब्ज को दूर करने में मददगार होता है। अपनी डाइट में उबले हुए शकरकंद को जरूर शामिल करें। *

**(मणिपाल हॉस्पिटल, गाजियाबाद के डाइटिटिक्स एंड न्यूट्रिशन डिपार्टमेंट की एचओडी, डॉ. अदिति शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेंटल हेल्थ / रजनी अरोड़ा

अस्त-व्यस्त जीवनशैली, ओवर वर्कप्रेशर, टेंशनफुल शेड्यूल या डिजिटल वर्ल्ड में जरूरत से ज्यादा बिजी रहने की वजह से आजकल हर उम्र के लोग अकेलेपन का शिकार होने लगे हैं। समय रहते इस पर ध्यान ना दिया जाए तो शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। इससे बचने के लिए आपको यहां बताई जा रही बातों पर जरूर ध्यान देना चाहिए।

# शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य बिगाड़ सकता है अकेलापन



अकेलापन एक मौलिक मानवीय भाव है। जैसे हम भूख-प्यास का अनुभव करते हैं, वैसे ही कभी-कभी अकेलेपन का भी अनुभव करते हैं। अकेलापन तब होता है, जब भीड़ का हिस्सा होने के बावजूद व्यक्ति का दूसरों के साथ कोई सार्थक संबंध नहीं हो पाता। जिसकी प्रतिक्रिया स्वरूप मस्तिष्क की कोशिकाओं में अलगाव महसूस होने लगता है। इस वजह से तनाव या अवसाद से घिर जाता है।


## अकेलेपन के प्रकार

अकेलापन कई प्रकार का हो सकता है। सामाजिक रिश्तों में सामंजस्य की कमी होने से भावनात्मक अकेलापन उत्पन्न होता है। ऐसा व्यक्ति समाज के बीच, लोगों से घिरे होने के बावजूद अपने को अकेला महसूस करता है। कुछ व्यक्ति परिवार, समाज से कटकर अपनी इच्छा से अकेले रहने लगते हैं। एक-दूसरे से मिलने-जुलने का सिलसिला खत्म हो जाता है। इसे स्वैच्छिक अकेलापन कहते हैं। जीवन की चुनौतियों या समस्याओं में उलझने से कई बार तनावपूर्ण अकेलापन उत्पन्ना हो जाता है।



## अकेलेपन के दुष्प्रभाव

'द हीलिंग पॉवर ऑफ ह्यूमन कनेक्शन इन वर्ल्ड' के लेखक डॉ. विवेक एच मूर्ति का मानना है कि अकेलापन साइलेंट किलर की तरह व्यक्ति को कई प्रकार की शारीरिक-मानसिक बीमारियों का शिकार बनाता है। अकेलेपन के शिकार व्यक्ति की जीवनशैली और खान-पान में बदलाव आ जाते हैं। व्यक्ति अनियमित दिनचर्या, जंक या फास्ट फूड का सेवन, आरामपरस्ती, तंबाकू-एल्कोहल का सेवन जैसी गलत आदतों का आदी हो जाता है। अकेलापन शरीर में कॉर्टिसोल हार्मोन को ट्रिगर करता है, जिसकी वजह से इम्यून सिस्टम कमजोर होने लगता है। व्यक्ति को कम उम्र में ही मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, लकवा जैसी बीमारियां होने का खतरा रहता है। अकेले होने पर व्यक्ति अपने मन की बात या समस्याएं किसी से शेयर नहीं कर पाते। इससे उनमें भावनात्मक असंतुलन और नकारात्मकता देखने को मिलती है। ब्रेन में न्यूरांस की सक्रियता कम हो जाती है। ब्रेन की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं। शुरुआत में व्यक्ति को अनिद्रा, तनाव, डिप्रेशन, एंग्जाइटी भूलने की बीमारी या अन्य मानसिक समस्याएं हो सकती हैं। अकेलापन बढ़ने पर व्यक्ति में साइकोटिक सिंप्टंप्स दिखने लगते हैं। कई व्यक्ति आत्महत्या जैसे कदम भी उठा लेते हैं।



## उपचार के तरीके

व्यक्ति की स्थिति के आधार पर उपचार किया जाता है। अकेलापन महसूस होने पर व्यक्ति को अपने दायरे से बाहर आने, दूसरों से बात करने, मिलने-जुलने की खुद कदम उठाने चाहिए। बिना देर किए मनोचिकित्सक से संपर्क करें। वे व्यक्ति की काउंसलिंग करके समस्या की जड़ का पता लगाते हैं और समुचित उपचार करते हैं। जरूरत पड़ने पर उसके करीबियों और दोस्तों की मदद ली जाती है।

## ऐसे करें अपना बचाव

अकेलेपन से बचने के लिए जरूरी है कि व्यक्ति अपने में बदलाव लाए।

- खुद से प्यार करें। अपने चीयरलीडर बनें, आत्मविश्वास विकसित करें, तभी अंतर्मुखी व्यक्तित्व से बाहर आ पाएंगे और दूसरों के साथ तालमेल बिठा पाएंगे।
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। सरकेडियम रिदम का अनुपालन करें यानी सोना-जागना, खाना, व्यायाम और काम नियत समय पर करें।
- इम्यूनिटी बूस्ट करने के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार का सेवन करें। स्वस्थ आहार अकेलापन दूर कर 'फील गुड' का एहसास कराने में भी सहायक है।
- इमोशनल हेल्थ पर ध्यान दें। अपने विचार और भावनाओं को समझें। सकारात्मक रवैया अपनाएं। अपने जीवन में बदलाव लाने के लिए निरंतर सक्रिय रहें।
- सपोर्टिव-सोशल नेटवर्क कायम करें। परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएं। निजी या सामाजिक सरोकारों के लिए एक-दूसरे का सहयोग और भावनात्मक समर्थन लें। संबंधों में मजबूती बनाने और अकेलापन कम करने के लिए लगातार कोशिश करते रहें।
- सोशल मीडिया पर फॉलोअर्स बढ़ाने के बजाय नए दोस्त बनाएं, समय निकाल कर नए-पुराने दोस्तों के साथ मिलते-जुलते रहें।
- खुद को मनपसंद एक्टिविटी में बिजी रखने की कोशिश करें। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद रोजाना ना सही, सप्ताहांत में कुछ समय ऐसे कामों के लिए जरूर निकालें, जो आपकी पसंद के हों।
- मानसिक डिटॉक्सीफिकेशन भी जरूरी है। रोज रात 9 बजे के बाद और सप्ताह में कम से कम एक दिन मोबाइल से दूरी बनाएं। म्यूजिक, डांस, पेंटिंग, कुकिंग, पढ़ना-लिखना, घूमना, मेडिटेशन जैसे दूसरे कार्यों में खुद को व्यस्त करें।
- रोजाना रात को सोने से पहले आत्ममंथन करें। दिन भर का लेखा-जोखा बनाएं। अच्छे कामों के लिए खुद को सराहें।
- रात को अपनी परेशानियों, दूसरों से मन-मुटाव या मानसिक उधेड़बुन को पेपर पर लिखें। बिना पढ़े पेपर को फाड़ दें या जला दें। इससे मन शांत होगा, नींद अच्छी आएगी और अगली सुबह नई स्फूर्ति से दिन की शुरुआत कर पाएंगे। *





**(फोर्टिस एस्कॉर्ट हार्ट इंस्टीट्यूट, दिल्ली की मनोचिकित्सक डॉ. भावना बर्मी और स्वास्तिक क्लीनिक दिल्ली के मनोचिकित्सक डॉ. रोहित शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

## क्या बताते हैं आंकड़े

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में 5 से 15 प्रतिशत युवा और किशोर अकेलेपन से उपजी गंभीर मानसिक समस्याओं से ग्रसित हैं। स्कॉटलैंड की ग्लासगो यूनिवर्सिटी की रिसर्च के मुताबिक अकेलेपन के कारण लोगों में समय से पहले मौत का खतरा 39 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। परिवार या दोस्तों से मेल-जोल ना रखने से दिल की बीमारी का खतरा 53 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। जबकि ब्रिटेन में हुई स्टडी यह दावा करती है कि तकरीबन 77 फीसदी अकेले रहने वाले लोगों को असमय मौत का सामना करना पड़ता है। भारत में युवाओं की अपेक्षा उम्रदराज लोगों में अकेलेपन का खतरा ज्यादा होता है। 45 साल या बड़ी उम्र के 20 प्रतिशत लोग महसूस करते हैं कि वे अकेले हैं। भारत में तकरीबन 1.5 करोड़ बुजुर्ग अकेले हैं। *

न्यू स्टडी

# डायबिटीज पेशेंट्स को लिवर फाइब्रोसिस का रिस्क

आज के दौर में डायबिटीज के मरीजों की बढ़ती संख्या से स्वास्थ्य विभाग चिंतित है। इसकी वजह यह है कि लाइफस्टाइल से जुड़ी इस बीमारी के कारण कई दूसरी बीमारियों के होने का खतरा भी बढ़ जाता है। हाल ही में दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल में हुए एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि डायबिटीज से पीड़ित करीब एक-तिहाई मरीजों के लीवर में फाइब्रोसिस बीमारी होने का रिस्क बढ़ जाता है। सफदरजंग अस्पताल के डॉक्टरों ने डायबिटीज पेशेंट्स के फाइब्रोसिस स्कोर टूल की जांच के दौरान देखा कि जिन मरीजों का शुगर लेवल नियंत्रित नहीं था, उनके शरीर में लिवर फाइब्रोसिस का खतरा अधिक था। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि कुल डायबिटीज मरीजों में करीब तीस प्रतिशत मरीजों के शरीर में फाइब्रोसिस का मिड रिस्क था।



इनमें करीब पांच प्रतिशत मरीज लिवर फाइब्रोसिस के हाई लेवल रिस्क की जद में थे। लिवर फाइब्रोसिस उस स्थिति को कहते हैं, जब लिवर को नुकसान होना शुरू होता है। ये लिवर की बीमारी की पहली स्टेज कही जाती है। इस मेडिकल कंडीशन में लिवर के हेल्दी टिश्यूज पर कई तरह के घाव बन जाते हैं, जो धीरे-धीरे लिवर को खराब करना शुरू कर देते हैं। लिवर फाइब्रोसिस होने पर लिवर सही ढंग से काम नहीं करता और इसके घाव वाले टिश्यूज, लिवर के अंदर ब्लड फ्लो को डिस्टर्ब करते हैं। विशेषज्ञ अध्ययनकर्ताओं का कहना है कि लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान ना दिया जाए तो ये यह लिवर सिरोसिस में बदल सकता है, जिसमें लिवर पूरी तरह से खराब हो सकता है। लिवर सिरोसिस एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन लिवर फाइब्रोसिस पर ध्यान दिया जाए तो इसका उपचार हो सकता है और मरीज लिवर सिरोसिस की चपेट में आने से बच सकता है। ऐसे में डायबिटीज पेशेंट्स को पूरी तरह कॉन्शस रहने की जरूरत होती है। *

**प्रस्तुति: अजेश कुमार**

अवेयरनेस
रेखा देशराज

# क्या आप भी अकसर खाते रहते हैं पेनकिलर

सामान्य से गंभीर प्रकार के दर्द से तुरंत राहत के लिए लोग अकसर पेनकिलर खाते रहते हैं। लेकिन इनका ज्यादा सेवन आपको कई गंभीर हेल्थ प्रॉब्लम्स दे सकता है। ऐसे में सावधान रहना जरूरी है।



अमेरिका जैसे मजबूत मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर वाले देश में लगातार निगरानी के बाद यह बात सामने आई कि साल 2000 से 2017 तक हर दिन 91 लोगों की मौत पेनकिलर यानी दर्द निवारक दवा खाने से हो रही थी। जबकि अमेरिका में दवाओं की गुणवत्ता और दवाओं के इस्तेमाल की मात्रा पर कड़ाई से नजर रखी जाती है, तब यह हालत थी। इससे यह आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया के बाकी हिस्सों में पेनकिलर से हर दिन कितने लोगों की मौत होती होगी।

**कोरोना के बाद बढ़ी मांग:** साल 2018 में डब्ल्यूएचओ का एक अनुमान था कि हर दिन करीब 1.5 करोड़ खुराक दर्द निवारक दवाएं खाई जा रही थीं। अगर इनके 2010 से 2018 तक के इस्तेमाल में हुई वृद्धि के ट्रेंड को ही ध्यान में रखें, तो इस समय दुनिया में करीब हर रोज 2.5 करोड़ डोज दर्द निवारक दवाएं खाई जाती होंगी। हालांकि 2020-21 में जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से ग्रस्त थी, उस दौरान तो सामान्य आंकड़ों के मुताबिक दर्द निवारक दवाओं की खपत में 2,000 फीसदी से भी ज्यादा की बढ़ोत्तरी हो गई थी।

**पूरी दुनिया में बढ़ रही खपत:** लब्बोलुआब यह कि आधुनिक मेडिकल चिकित्सा के नाम पर दर्द निवारक दवाओं का जानलेवा फंदा पूरी दुनिया पर मंडरा रहा है। हालांकि ऐसा कोई देश नहीं है, जहां पेनकिलर के इस्तेमाल के खतरनाक दुष्परिणामों को बार-बार डॉक्टरों द्वारा या विश्व स्वास्थ्य संगठन जैसी वैश्विक स्वास्थ्य संगठनों द्वारा ना बताया जाता हो। लेकिन विभिन्न तरह के तात्कालिक दर्दों जैसे कान के दर्द, दांतों के दर्द, मांसपेशियों के दर्द, यहां तक कि सिर दर्द और चोट लगने से होने वाले दर्दों के साथ-साथ, हर महीने महिलाओं को होने वाले मासिक धर्म में भी तुरंत राहत के लिए पेनकिलर लोग लेते हैं।



**मांग बढ़ने की वजहें:** दुनिया में हर साल 13.5 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। जबकि करीब 40 लाख लोग सड़क दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। इन सड़क दुर्घटनाओं के शिकार होने वाले लोग महीनों तक हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। कम से कम 5 से 7 करोड़ पेनकिलर हर साल सड़क दुर्घटनाओं से शिकार लोग ही खा जाते हैं। इससे इनकी खपत का अंदाजा लगता है। हालांकि देसी दवाओं या जड़ी बूटियों में भी दर्द निवारण की क्षमता है, बावजूद इसके इस्तेमाल में आसान होने के कारण और तात्कालिक रूप से फायदा पहुंचाने के कारण ज्यादातर लोग ऐलोपैथी की पेनकिलर दवाओं का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यूरोप और अमेरिका में हजारों ऐसी संस्थाएं और संगठन काम कर रहे हैं, जो लोगों को दर्द निवारक दवाओं के इस्तेमाल से सचेत रहने के लिए आगाह कर रहे हैं।

**पेनकिलर के साइडइफेक्ट्स :** माना जा रहा है कि हर साल दर्द निवारक दवाओं के साइडइफेक्ट के कारण 15 से 16 लाख लोगों की मौत हो जाती है। वास्तव में लगातार पेनकिलर का उपयोग करने से लिवर, किडनी, हृदय और रक्त परिसंचरण में कई तरह की समस्याएं आ जाती हैं। पेनकिलर लेने से पेट खराब होना आम बात है। पेनकिलर लगातार खाने से बहुत सारी चीजें रिएक्शन कर जाती हैं। पेट में अल्सर बनना इसके दुष्प्रभावों में बहुत आम है। यह सब जानने के बावजूद भी लोग हर दिन कई-कई पेनकिलर खाते हैं। बहुत से लोग तो निश्चित रूप से इनके दुष्प्रभावों के बारे में नहीं जानते हैं। कई बार दर्द से बचने के कारण इन्हें खाते हैं। क्योंकि तेज से तेज पेनकिलर महज 4 से 6 घंटे तक ही आपको दर्द से राहत देता है।

**अन्य विकल्प खोजें:** पिछले दिनों न्यूयॉर्क टाइम्स में छपे एक लेख में एक व्यक्ति ने बताया कि डॉक्टर हर दिन मुझे दर्द से बचने के लिए पेनकिलर खाने के लिए कहते रहे। हालांकि इस व्यक्ति को लगातार पेनकिलर खाने से हिचक थी। सो उसने पेनकिलर का विकल्प ढूंढ़ा तो उसे जल्द ही न्यूरोपैथी में ऐसा विकल्प मिल गया। हर देसी चिकित्सा पद्धति में बिना साइडइफेक्ट वाली पेनकिलर मौजूद हैं। आप अनुभवी विशेषज्ञ से सलाह लेकर इनका यूज कर सकते हैं। *



## छत्तीसगढ़ की झांकी...



नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए फुल ड्रेस रिहर्सल के दौरान छत्तीसगढ़ की झांकी।

# कर्तव्य पथ पर दिखाई पड़ेंगी अग्नि-5 जैसी खतरनाक मिसाइलें

## गणतंत्र दिवस परेड में डीआरडीओ करेगा महत्वपूर्ण चीजों का प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इस साल गणतंत्र दिवस पर डीआरडीओ द्वारा ताकत का प्रदर्शन किया जाएगा। देश की सेनाओं को ताकत देने वाली संस्था रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) इस बार गणतंत्र दिवस परेड में खतरनाक मिसाइलें, फाइटर जेट, कमांड कंट्रोल सिस्टम जैसी महत्वपूर्ण चीजों का प्रदर्शन करेगा। इस वर्ष की झांकी 'पृथ्वी, वायु, समुद्र, साइबर और अंतरिक्ष जैसे पांचों आयामों में रक्षा कवच प्रदान करके राष्ट्र की सुरक्षा करने में महिला शक्ति' विषय पर आधारित है। डीआरडीओ की महिला वैज्ञानिकों का रक्षा अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्रों में बहुमूल्य योगदान रहा है। इस झांकी में रक्षा अनुसंधान एवं विकास में महिलाओं की भागीदारी को प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा।

**सुनीता देवी होंगी दस्ते की कमांडर**



### इन मिसाइलों का होगा प्रदर्शन

प्रसिद्ध वैज्ञानिक सुनीता देवी जेना दस्ते की कमांडर होंगी। झांकी में मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम), एंटी-सैटेलाइट (एएसएटी) मिसाइल, और अग्नि-5, सतह से सतह पर मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल, बहुत कम दूरी की वायु रक्षा प्रणाली (वीएसएचओआरडीएस), नौसेना एंटी-शिप मिसाइल शॉर्ट रेंज (एनएएसएम-एसआर), एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल 'हेलिना, क्विक रिएक्शन सरफेस-टू-एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम), एएसटीआरए मिसाइल, लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट 'तेजस, 'उत्तम' एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्कैन्ड ऐरे रडार (एईएसएआर), एडवांस्ड इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम 'शक्ति', साइबर सुरक्षा प्रणालियां, कमांड कंट्रोल सिस्टम और सेमी कंडक्टर फैब्रिकेशन सुविधा का प्रदर्शन होगा।

**हिंदू पक्ष की मांग पर वाराणसी कोर्ट का फैसला**

# ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे की रिपोर्ट होगी सार्वजनिक

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद की एएसआई सर्वे की रिपोर्ट अब जल्द सामने आ जाएगी क्योंकि इसको लेकर बुधवार को सुनवाई के दौरान जिला जज ने आदेश कर दिया है कि सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों को दे दी जाए। आज दोपहर जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश ने सुनवाई के दौरान आपत्ति करने वाले मुस्लिम पक्ष से पूछा कि आखिर जब तक एएसआई रिपोर्ट की कॉपी पक्षकारों को नहीं दी जाएगी, तब तक उसपर आगे कैसे सुनवाई होगी? हिंदू पक्ष से कोर्ट में मौजूद वकील विष्णु शंकर जैन ने इस बात पर लगातार जोर दिया कि रिपोर्ट की कॉपी पक्षकारों के ईमेल पर प्रोवाइड कराई जाए। जिसको लेकर एएसआई की तरफ से यह आपत्ति की गई कि ईमेल पर रिपोर्ट की टेंपरिंग हो सकती है और रिपोर्ट साइबर फ्रॉड का भी शिकार हो सकता है। इसलिए इसकी हार्ड कॉपी ही मुहैया कराई जाए। इसपर मुस्लिम पक्ष भी सहमत हुआ। इसके बाद जिला जज ने एएसआई की ज्ञानवापी सर्वे की रिपोर्ट पक्षकारों को हार्ड कॉपी देने का आदेश कर दिया है। अब दो से तीन दिनों के अंदर सर्वे की रिपोर्ट सामने आने की उम्मीद है।

### खास बातें

- पक्षकारों को उपलब्ध कराई जाएगी रिपोर्ट की हार्ड कॉपी
- तीन दिनों के अंदर सर्वे रिपोर्ट सामने आने की उम्मीद



### हिंदू पक्ष के वकील ने कहा

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि दोनों पक्ष हिंदू मुस्लिम से यह सहमति बन चुकी है कि एएसआई सर्वे की रिपोर्ट की हार्ड कॉपी उनको उपलब्ध कराई जाएगी। इस पर उचित ऑर्डर को कोर्ट पास करेगा। कोर्ट अपने ऑर्डर में क्या-क्या लिखता है यह देखने के बाद ही पता चल पाएगा। दोनों पक्षों में यह सहमति बन चुकी है कि उनको एएसआई सर्वे की हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई जाएगी। अंडरटेकिंग लेने के सवाल के जवाब में विष्णु शंकर जैन ने कहा कि उसको लेकर कोर्ट में किसी तरह का आदेश नहीं किया है। जब ऑर्डर आएगा तो पता चलेगा। ईमेल पर रिपोर्ट की कॉपी उपलब्ध कराए जाने की मांग को पुरातात्विक सर्वे के वकीलों ने यह कहते हुए आपत्ति की थी कि ऐसा करने से साइबर फ्रॉड हो सकता है। उन्होंने बताया कि जब कोर्ट का ऑर्डर आएगा तब हार्ड कॉपी के लिए उनकी तरफ अप्लाई किया जाएगा और फिर सर्वे रिपोर्ट का अध्ययन किया जाएगा।

### मुस्लिम पक्ष ने कही ये बात

मुस्लिम पक्षियों से वकील तौहीद खान और मेराजुद्दीन सिद्दीकी ने बताया कि जिला जज ने यह आदेश कर दिया है कि सभी पार्टी को ज्ञानवापी मस्जिद के एएसआई सर्वे की रिपोर्ट कॉपी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट पब्लिक ना होने पर इसको लेकर आपत्ति की गई थी ताकि उसका मीडिया ट्रायल ना शुरू हो और ना ही लोगों में वैमनस्यता फैले। लोगों के बीच में सर्वे रिपोर्ट न जाने पाए इसके जवाब में मुस्लिम पक्ष के वकीलों ने बताया कि इसको लेकर जिला जज ने कोई अलग से आदेश नहीं किया है। मुस्लिम पक्ष के वकील इस बात पर भी राजी नजर आए कि अब रिपोर्ट आम लोग भी पढ़ सकते हैं और रिपोर्ट पूरी तरह से सार्वजनिक हो जाएगी।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बोले राहुल**

# 'जितने चाहे मामले दर्ज कर लें, डरने वाला नहीं हूं'

एजेंसी ▶▶ बारपेटा (असम)



गुवाहाटी पुलिस द्वारा भीड़ को उकसाने के आरोप में राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज करने के एक दिन बाद कांग्रेस नेता ने भाजपा की प्रदेश सरकार को चुनौती दी कि वे ''चाहे जितने मामले दर्ज कर लें'' लेकिन वह डरने वाले नहीं हैं। बारपेटा जिले में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के सातवें दिन अपने पहले सार्वजनिक संबोधन में कांग्रेस नेता ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की आलोचना की और उन पर जमीन और सुपारी से संबंधित कई आरोप लगाते हुए उन्हें देश का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि हिमंत विश्व शर्मा को यह विचार कैसे आया कि वह मामले दर्ज करके मुझे डरा सकते हैं। जितना संभव हो, उतने मामले दर्ज करें। आप मुझे डरा नहीं सकते। भाजपा-आरएसएस मुझे डरा नहीं सकते।'' गुवाहाटी पुलिस ने मंगलवार को राज्य की राजधानी में हिंसा के कृत्यों के लिए गांधी और अन्य नेताओं के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए एक प्राथमिकी दर्ज की थी।

### मेरा घर हर भारतीय नागरिक के दिल में

वहां मौजूद लोगों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच गांधी ने कहा, ''मेरा घर हर भारतीय नागरिक के दिल में है, मैं उनके दिल में रहता हूं। मेरे पास असम, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और अन्य सभी राज्यों में लाखों घर हैं।'' बिष्णुपुर में रात्रि विश्राम के बाद गांधी ने असम में यात्रा के 7वें दिन की शुरुआत बारपेटा शहर से न्यू बस स्टैंड तक रोड शो के साथ की। चार पहिया वाहन से जिला मुख्यालय पहुंचे गांधी ने वहां जनता को संबोधित किया।


**OFFICE OF THE COMMISSIONER**
**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)**

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in
(First Call)

NIT NO:- 65/15th Finance/RMC/2024 RAIPUR, DATED : 23/01/2024

Online bids are invited for the following works up to 14/02/2024 at 17.30 hours.

| S. No. | System Tender No. | Name of work/ Description of work | Amount of the Estimate | Cost of Tender form | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor/ firm | Time allowed completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 152149 | BT Work at Various Location of Raipur City From Fund of FY 20-21 & 21-22 | 2.00 Crore | 10,000/- | 1,50,000/- | "C" and Above | 04 Month |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 24/01/2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above -mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/ interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No. 18004199140* or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Detail please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

SUPERINTENDING ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



**STATE URBAN DEVELOPMENT AGENCY, CHHATTISGARH**
4th Floor, D Block, Indravati Bhavan (HOD Building), Nava Raipur Atal Nagar-492002
Phone: 0771-2222401 Fax: 0771-2222409 Email: sudacg.it@yahoo.com

RFP NOTICE

RFP No. 9/SUDA/PMU/2023-24/7243 Nava Raipur Atal Nagar, DATED: 24/01/2024

**Request for Proposal (RFP) for Selection of Consultant for setting up of IT Cell to facilitate works undertaken by SUDA (2nd Call).**

State Urban Development Agency (SUDA) is the Mission Directorate for implementation of all Centrally Sponsored Schemes of Urban Development in the State. SUDA hereby invites bids for Selection of Consultant for setting up of IT Cell to facilitate works undertaken by SUDA (2nd Call).

| Name of work | EMD | Bid Processing Fee |
|---|---|---|
| Request for Proposal (RFP) for Selection of Consultant for setting up of IT Cell to facilitate works undertaken by SUDA (2nd Call). | INR 2,50,000.00/- | INR 10,000/- |

1. RFP documents can be seen on the website http://uad.cg.gov.in and downloaded from the said portal.
2. The RFP can be postponed or cancelled at any time due to administrative reasons and no claim shall be entertained on this account.
3. Modifications/Amendments/Corrigendum, if any shall not be advertised in the newspaper but shall be published in the departmental website only. The undersigned reserves the right to change the terms and conditions, select/reject any application without assigning any reason thereof.
4. The eligible bidder may submit their bid with the RFP document along with EMD as detailed in RFP document. The Bid must be delivered through Registered post/Speed post only on address below to reach by 21/02/2024 by 3:00 PM. No personal delivery will be entertained.

Note: Corrigendum and addendum issued during the 1st Call of this RFP have been incorporated in the 2nd Call.

Sd/-
Chief Executive Officer
State Urban Development Agency,
Nava Raipur Atal Nagar

S-39464/2


# असम राइफल्स के जवान ने 6 साथियों पर बरसाईं गोलियां

एजेंसी ▶▶ इंफाल

मणिपुर में भारत म्यांमार बॉर्डर पर तैनात असम राइफल्स के एक जवान ने कथित तौर पर अपने साथियों पर फायरिंग की है। इसके बाद उसने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। बुधवार को पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, मणिपुर के चंदेल जिले में असम राइफल्स के एक जवान ने पहले अपने सहकर्मियों पर गोली चलाई, जिसमें कम से कम 6 जवान गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद जवान ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने आगे बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात साजिक तम्पाक इलाके में हुई जब असम राइफल्स के जवान ने अपने साथियों पर गोली चला दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, बाद में उसने खुद को गोली मार ली।

### मणिपुर पुलिस की पोस्ट

इस बीच, मणिपुर पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा, "दक्षिण मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा के करीब तैनात असम राइफल्स बटालियन में असम राइफल्स के एक जवान के हाथों गोलीबारी की घटना हुई है। असम राइफल्स के एक जवान ने सहयोगियों पर गोलीबारी की और इस दौरान 6 सहयोगी (सभी घायल गैर-मणिपुरी हैं) घायल हो गए, जबकि बाद में जवान ने खुद को गोली से उड़ा लिया।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय मुख्य अभियंता**
**महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ. ग.)**

ई - प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 151914/ निविदा सूचना क्रमांक 35/ वलेलि / 2023-24 बालोद, दिनांक 24.01.2024

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 14.02.2024 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : बालोद जिले के विकासखण्ड बालोद की गोंदली जलाशय परियोजना अंतर्गत तरौद माईनर आर. डी. 0 मी. से 7310 मी. तक नहर लाईनिंग कार्य, 05 नग व्ही. आर. बी., 01 नग फाल, 18 नग कुलाबा पाईप फिक्सिंग एवं 06 नग पुराने स्ट्रक्चर का मरम्मत कार्य

अनुमानित लागत : रूपये 286.35 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 31.01.2024 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोट :- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित /पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, बालोद
कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,
जल संसाधन विभाग, रायपुर, छ.ग.

G-07318/4



**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 0771-2531014 फैक्स-0771-2227395

e-Procurement Tender Notice
Main Portal : http://eproc. cgstate.gov.in

NIT NO: 147/Waterworks/24 RAIPUR, DATED : 24/01/2024

Online bids are invited for the following works of works up to 15/02/2024 at 17.30 hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work / Description of work | Probable amount | Earnest Amount | Time allowed for Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 152177 | नगर पालिक निगम, रायपुर के जोन क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर टैंकर के माध्यम से ग्रीष्मकालीन पेयजल परिवहन के कार्य हेतु किराए से ट्रैक्टर/टैंकर उपलब्ध कराने का कार्य | रू. 75.00 लाख | रू. 75,000.00 | 12 माह (अनुबंध उपरांत) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh. e-Procurement Portal https: //eproc.cgstate.gov.in from 24.01.2024, 17:30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal.

Note:- (1) All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal (2) Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18002582502 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in (3) For More Detail please download NIT details.

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

Executive Engineer (Water)
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)



**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग बीजापुर वनमंडल, बीजापुर, जिला -बीजापुर (छ.ग.)**

नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बीजापुर वनमंडल के बीजापुर/ काष्ठागार/बांसागार के ईमारती काष्ठ, सागौन जलाऊ चट्टा एवं अगरबत्ती काड़ी का नीलाम दिनांक 01/02/2024 को प्रातः 10:00 बजे से बांसागार नीलाम हॉल में किया जावेगा । इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि, वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्ते व अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । नीलाम के पूर्व लाटों को भली भाँति देख लें। बाहर से आने वाले व्यापारियों/ क्रेताओं को निम्नलिखित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा:- 1. सोशल डिस्टेसिंग नियम का पालन। 2. क्रेताओं को सीधे नीलाम कार्य में भाग लेकर अपने गंतव्य को वापस जाना होगा। यहां-वहां घूमने की अनुमति नही होगी ।

| काष्ठागार का नाम | नया काष्ठ अनुमानित मात्रा | | | पुराना काष्ठ अविक्रीत | | योग :- | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | प्रजाति | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग | घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| ईमारती काष्ठ | | | | | | | |
| बीजापुर काष्ठागार | सागौन | 22.584 | 72 | 81.726 | 443 | 104.310 | 515 |
| | शीशम | 0.090 | 1 | 81.726 | 443 | 81.816 | 444 |
| | हल्दू | 0.000 | 0 | 0.810 | 0 | 0.810 | 0 |
| | साजा | 1.269 | 3 | 3.805 | 0 | 4.074 | 3 |
| | बीजा | 3.153 | 7 | 1.245 | 0 | 4.398 | 7 |
| | अन्य | 4.148 | 2 | 25.886 | 42 | 30.034 | 44 |
| | निलगिरी | 0.000 | 0 | 0.771 | 0 | 0.771 | 0 |
| | धावड़ा | 0.000 | 0 | 2.100 | 0 | 2.100 | 0 |
| | **योग** | **31.244** | **85** | **198.069** | **928** | **229.313** | **1013** |
| जलाऊ चट्टा | | | | | | | |
| | जलाऊ चट्टा | | | 140 चट्टा | | | |
| अगरबस्ती काड़ी | | | | | | | |
| | अगरबस्ती काड़ी (चौकड़ी) | | | लम्बाई 8 इंच | | 20 क्विंटल | |

टीप: 1. प्रत्येक क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व प्रत्येक लाट के संबंध में जिस सीमा तक वह बोली लगाना चाहता है, उसके 10% प्रतिशत के बराबर राशि या 1000/- रूपये इसमें जो भी अधिक हो जमा करें । 2. क्रेता द्वारा नीलाम में बोली लगाने के पूर्व कैलेण्डर वर्ष 2024 का पंजीयन एवं आयकर पेन कार्ड की छाया प्रति ई. एम. डी. कक्ष में जमा करना अनिवार्य है । 3. क्रेता को नीलाम में बोली लगाने के पूर्व जी. एस. टी. पंजीयन (GSTN ) की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। 4. विनिर्माता/ उपभोक्ता / व्यापारी लायसेंस एवं आयकर पेन/टिन नंबर की छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने पर ही वर्क आर्डर जारी किया जावेगा । 5. नीलाम में क्रय किये गये लाटों का विक्रय मूल्य सहित ई. एम. डी. जमा पर्ची के पीछे अनिवार्य रूप से दर्ज करना होगा ।

वनमंडलाधिकारी
बीजापुर वनमंडल, बीजापुर

G-07325/3



डॉ. वाशानी
दर-दाँत (गम पेंट)
बायो-डेंट गम पेंट, मुंह के छाले, दांत दर्द और जलन में लाभकारी यह आर्युवेदिक दवा है, यह हर्बल दवा 100 प्रतिशत सुरक्षित है
HMS देखकर खरीदें
94060-21769

हर्बल लेप
शिव मस्सानाशक
शिव मस्सानाशक को 12-15 घटों तक लगाकर रखेंगे तो यह मस्से को शीघ्र हटा देगा। जब तक मस्सा न हट जाए, रोज 1-2 बार लगाना है। यदि लगाने के बाद किसी कारणवश लेप पुछ जाए तो पुनः लगा दें।
HMS



हरिभूमि
HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 8223883311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 9827000035
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर
ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑक्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508133

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना सेमीफाइनल में पहुंचे, बने सबसे उम्रदराज वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी



एजेंसी ▸▸| मेलबर्न

भारत के रोहन बोपन्ना अपने जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन के साथ आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और पुरुष युगल रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज होने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने। 43 वर्ष के बोपन्ना टूर्नामेंट से पहले विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर थे। उन्होंने आस्ट्रेलिया के एबडेन के साथ छठी वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के मैक्सिमो गोंजालेस और आंद्रेस मोल्तेनी को करीब पौने दो घंटे तक चले क्वार्टर फाइनल में 6-4, 7-6 से हराया। अब उनका सामना थॉमस माचाक और झिझेन झांग की गैर वरीय जोड़ी से होगा। टूर्नामेंट के आखिर में सोमवार को बोपन्ना युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। इससे पहले अमेरिका के राजीव राम अक्टूबर 2022 में 38 वर्ष की उम्र में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे थे। एबडेन रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचेंगे।

**43 साल के बोपन्ना ने एबडेन के साथ 6-4 7-6 से जीता मैच**



### तीसरे भारतीय खिलाड़ी

बोपन्ना 2013 में पहली बार विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचे थे। वह युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले लिएंडर पेस, महेश भूपति और सानिया मिर्जा के बाद तीसरे भारतीय होंगे। वह अमेरिका के आस्टिन क्राइजेक से शीर्ष स्थान लेंगे जो क्रोएशिया के इवान डोडिज के साथ दूसरे दौर में हार गए थे।

### 2017 में जीता था फ्रेंच ओपन

बोपन्ना ने 2017 में कनाडा की गैब्रियला डाब्रोवस्की के साथ फ्रेंच ओपन मिश्रित युगल खिताब जीता। वह पुरुष युगल में 2010 अमेरिकी ओपन में पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी के साथ और 2023 में एबडेन के साथ उपविजेता रहे थे। बोपन्ना मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पुरुष युगल खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने पिछले साल एबडेन के साथ इंडियन वेल्स टूर्नामेंट जीता था।

### *नंबर एक रैंकिंग भारतीय टेनिस की अगली पीढ़ी को प्रेरित करेगी : बोपन्ना*

*रोहन बोपन्ना को लगता है कि करियर के अंतिम पड़ाव में उनका युगल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचना भारतीय टेनिस के लिए इस समय प्रेरणादायी रहेगा क्योंकि इस समय वह खराब दौर से जूझता दिख रहा है। बोपन्ना ने इंटरव्यू में कहा, 'यह उपलब्धि सिर्फ मेरे लिए ही नहीं बल्कि भारतीय टेनिस के लिए भी काफी अहमियत रखती है। अगली पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए आपको किसी चीज की जरूरत होती है। सुमित नागल का भी आस्ट्रेलियाई ओपन शानदार रहा। उसने एक दौर का मैच जीता। पुरुष युगल में नंबर एक रैंकिंग पर बहुत गर्व है। यह काफी विशेष क्षण है। पर इसके लिए काफी कुर्बानी दी हैं। मेरे कोच और परिवार सभी ने। मेरा परिवार मेरे साथ ही यात्रा कर रहा है इसलिए यह बिलकुल अलग अहसास है।'*

### मेदवेदेव की शानदार जीत

*रूस के दानिल मेदवेदेव ने नौवीं वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को करीब साढे चार घंटे तक चले मुकाबले में 7-6, 2-6, 6-3, 5-7, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार आस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली। करीब चार घंटे तक चले मैराथन मुकाबले में मेदवेदेव ने हुरकाज की वापसी के हर प्रयास को नाकाम कर दिया। इससे पहले यूक्रेन की डायना यास्त्रेम्स्का ने लिंडा नोस्कोवा को हराकर महिला एकल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया और वह पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के अंतिम चार में पहुंची है। यूक्रेन की 93वीं रैंकवाली डायना ने क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया था।*

## खबर संक्षेप



### बैजबॉल खेलने पर दो दिन में खत्म होगा मैच

**हैदराबाद।** भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि इंग्लैंड की बहुचर्चित 'बैजबॉल' शैली भारतीय हालात में कारगर साबित नहीं होगी और अगर वे इसे आजमाते हैं तो मैच दो दिन के भीतर ही खत्म हो जाएगा। 'बैजबॉल' की समान रूप से टर्न और उछाल लेने वाली भारतीय पिचों पर इसकी असल परीक्षा होगी। सिराज ने कहा, 'इंग्लैंड अगर भारतीय हालात में बैजबॉल खेलता है तो मैच डेढ़ या दो दिन में खत्म हो जाएगा। हर गेंद को पीटना आसान नहीं होता क्योंकि कई बार गेंद टर्न लेती है और कई बार सपाट पड़ती है।'

### नागल को बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रवेश मिला

**बेंगलुरु।** सुमित नागल बुधवार को एटीपी चैलेंजर टूर्नामेंट बेंगलुरु ओपन में सीधे प्रविष्टि हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय बने । टूर्नामेंट यहां 10 फरवरी से शुरू होगा। पिछले हफ्ते नागल ने सोमदेव देववर्मन के बाद आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में पहुंचने वाला दूसरा भारतीय पुरुष खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया था। बेंगलुरु ओपन के लिए 'कट-ऑफ' 257 रैंकिंग का है।

क्रिकेट : इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज 9.30 बजे

# भारत 12 साल से अजेय, स्पिन बॉल और बैजबॉल से टेस्ट होगा रोमांचक

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद

अपनी सरजमीं पर पिछले 12 साल से टेस्ट क्रिकेट में चले आ रहे भारत के दबदबे को कड़ी चुनौती मिलेगी जब आक्रामकता की नई परिभाषा गढ़ने वाली इंग्लैंड टीम से गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट में रोहित शर्मा की टीम का सामना होगा। भारत को आखिरी बार अपनी धरती पर 2012 में एलेस्टेयर कुक की कप्तानी वाली इंग्लैंड टीम ने टेस्ट श्रृंखला में 2-1 से हराया था। उसके बाद से भारत ने लगातार 16 श्रृंखलाएं जीती हैं जिनमें सात में 'क्लीन स्वीप' किया है। इस दौरान भारत ने अपनी मेजबानी में 44 टेस्ट खेले और सिर्फ तीन में पराजय का सामना किया। अगर दबदबे की बात की जाये और अस्सी के दशक की वेस्टइंडीज या उसके बाद की आस्ट्रेलियाई टीम भी कहीं नहीं ठहरती। पिछले एक दशक में इस प्रदर्शन के पीछे अनुकूल पिचों और गेंदबाजों का भी योगदान रहा जिन्हें पता था कि इन पिचों का फायदा कैसे उठाना है। भारत की कामयाबी की गाथा लिखने में आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के स्पिनर रविंद्र जडेजा की भी अहम भूमिका रही।





### अश्विन, जडेजा देंगे चुनौती

टर्न लेने वाली पिच पर पहले मैच में अश्विन और जडेजा एक बार फिर भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इंग्लैंड टीम अतीत में दोनों का सामना कर चुकी है और खास तौर पर अश्विन को लेकर काफी चिंतित होगी। सैंतीस वर्ष के अश्विन में अभी भी 17 साल के युवा जैसा जोश है। वह 2012 से अब तक 46 टेस्ट में 283 विकेट ले चुके हैं। जडेजा को उनका सहयोगी कहा जा सकता है लेकिन अपने आप में भी वह काफी खतरनाक गेंदबाज हैं। उनकी सटीक पड़ती गेंदें टर्निंग पिच पर बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए काफी है। उन्होंने इस दौरान 39 टेस्ट में 191 विकेट लिए हैं। दोनों मिलकर 21 की औसत से 500 के करीब विकेट ले चुके हैं। भारतीय टीम में तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल का कुलदीप यादव को उतारा जा सकता है।

### 'बैजबॉल' ने इंग्लैंड को दिलाई सफलता

कोच ब्रेंडन मैकुलम और कप्तान स्टोक्स की आक्रामक शैली 'बैजबॉल' के दम पर इंग्लैंड ने काफी कामयाबी हासिल की है । उसे एक बार फिर एक ईकाई के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जिसमें जो रूट और स्टोक्स पर रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। इंग्लैंड ने बायें हाथ के स्पिनर जैक लीच की अगुवाई में तीन स्पिनरों को टीम में जगह दी है। बायें हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली पदार्पण करेंगे जबकि लेग स्पिनर रेहान अहमद भी टीम में हैं। तेज गेंदबाजी का जिम्मा मार्क वुड पर होगा चूंकि जेम्स एंडरसन टीम में नहीं हैं।

### टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, केएस भरत, ध्रुव जुरल, रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह, आवेश खान।

**इंग्लैंड** : बेन स्टोक्स (कप्तान), रेहान अहमद, जेम्स एंडरसन, गुस एटकिंसन, जॉनी बेयरस्टो, डान लॉरेंस, जाक क्राली, बेन डकेट, बेन फोक्स, टॉम हार्टली, जैक लीच, ओली पोप, ओली रॉबिनसन, जो रूट, मार्क वुड।

# किरण और लक्ष्य ने दर्ज की जीत, प्रणय-श्रीकांत बाहर



एजेंसी ▸▸| जकार्ता

लक्ष्य सेन और किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई लेकिन स्टार खिलाड़ी एच एस प्रणय और किदाम्बी श्रीकांत शुरुआती दौर में हारकर बाहर हो गए।

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की कोशिश में जुटे दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी सेन ने चीन के वेंग होंग यांग से मलेशिया ओपन के पहले दौर में मिली हार का बदला चुकता किया। उन्होंने चीन के खिलाड़ी पर 24-22, 21-15 से जीत हासिल की। 2022 ओडिशा ओपन और 2023 डेनमार्क मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीतने वाले 23 साल के जॉर्ज ने पहले दौर में एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव को 18-21, 21-16, 21-19 से हरा दिया। दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को पहले दौर में सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यिऊ से 18-21, 21-19, 10-21 से हार गए। पूर्व नंबर एक खिलाड़ी श्रीकांत ने मलेशिया के 10वीं रैंकिंग के ली जि जिया को कड़ी चुनौती दी लेकिन वह 54 मिनट तक चले मुकाबले में 21-19, 14-21, 11-21 से हार गए।

### अक्षर और कुलदीप में से एक को चुनना मुश्किल

***हैदराबाद।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुधवार को स्वीकार किया कि इंग्लैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के लिए तीसरे स्पिनर के तौर पर अक्षर पटेल और कुलदीप यादव के बीच किसी एक को चुनने के लिए टीम प्रबंधन के सामने बहुत मुश्किल थी। लेकिन उन्होंने संकेत दिया कि हो सकता है कि अक्षर बाजी मार ले। इंग्लैंड के खिलाफ यहां गुरुवार से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा के बाद भारत को तीसरा स्पिनर चुनना है।*

# भारत ने हॉकी-5 वर्ल्ड कप में पोलैंड को हराया

एजेंसी ▸▸| मस्कट

दीपिका सोरेंग और मुमताज खान के दो-दो गोल की मदद से भारतीय महिला हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी-5 महिला विश्व कप में बुधवार को पूल सी के पहले मैच में पोलैंड को 5-4 से हराया। मुमताज ने चौथे और 23वें मिनट में गोल किया जबकि दीपिका ने छठे और 29वें मिनट में गोल दागा।



मरियाना कुजूर ने 33वें मिनट में गोल किया। पोलैंड के लिए जूलिया के (आठवां), कप्तान मारलेना रिबाचा (10वां), पाउला स्लाविंस्का (27वां) और मोनिका पोलव्जाक (29वां) ने गोल दागे। भारत ने चौथे ही मिनट में मुमताज के गोल पर बढ़त बना ली। इसके दो मिनट बाद दीपिका ने भारत की बढ़त दुगुनी कर दी। पोलैंड ने जवाबी हमले में दो मिनट में दो गोल किए। मुमताज के दूसरे गोल के दम पर पहले हाफ में स्कोर 3-2 था। दूसरे हाफ में दोनों टीमों ने रक्षात्मक खेल दिखाया। भारत के लिए कुजूर ने शानदार मूव को अंजाम देते हुए गोल किया।

# सूर्यकुमार बने आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर

एजेंसी ▸▸| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने वर्ष का सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना है। आईसीसी ने उन्हें इस प्रारूप में भारत के मध्यक्रम की रीढ़ कहा है।

■ 50 के औसत और 150 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

यादव ने 2023 में 50 के करीब औसत और 150 से अधिक की स्ट्राइक रेट से टी20 क्रिकेट में रन बनाए। वह फिलहाल जर्मनी में ग्रोइन की सर्जरी के बाद रिहैबलिटेशन में हैं। वह मार्च में आईपीएल में वापसी कर सकते हैं जिसमें वह मुंबई इंडियंस के लिए खेलेंगे। आईसीसी ने कहा, 'भारतीय मध्यक्रम की रीढ़ इस बल्लेबाज ने कई मैच जिताए हैं। लगातार दूसरी बार उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा है।' यादव ने साल की शुरुआत श्रीलंका के खिलाफ सात रन बनाकर की लेकिन उसके बाद लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईसीसी ने कहा, 'वह लगातार 20-40 में रन बनाते रहे और वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंद में 83 रन बनाए। उन्होंने फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ 45 गेंद में 61 रन बनाए। साल के आखिर में कप्तानी का बोझ होने पर भी उन्होंने अच्छी बल्लेबाजी की।' उन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ 42 गेंद में 80 और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 36 गेंद में 56 रन बनाए।



इसके अलावा दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आखिरी टी20 में 56 गेंद में 100 रन की पारी खेली। उन्होंने जनवरी में श्रीलंका के खिलाफ 51 गेंद में 112 रन बनाए। यह टी20 क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक था। रोहित शर्मा ने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा था।




### अंडर 19 विश्व कप भारत के सामने आयरलैंड की चुनौती

***लोमफोंटेन।** भारत की युवा ब्रिगेड आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के दूसरे लीग मैच में गुरुवार को आयरलैंड से खेलेगी तो आने वाले कठिन मुकाबलों से पहले बल्लेबाजी का अच्छा अभ्यास करने पर उसकी नजरें होंगी। भारत ने एकतरफा रहे पहले मैच में बांग्लादेश को 84 रन से हराया। अब आयरलैंड के खिलाफ उसके पास प्रयोग का मौका है क्योंकि अगले सप्ताह से सुपर सिक्स चरण में कठिन प्रतिद्वंद्वियों का सामना करना होगा। आयरलैंड ने पहले मैच में अमेरिका को हराया लेकिन दूसरे मैच में बांग्लादेश से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत के सामने चुनौती विरोधी टीम नहीं बल्कि अपने ही प्रदर्शन का स्तर बेहतर करने की होगी। आधुनिक दौर के क्रिकेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजों को अपनी शैली में सुधार करना होगा।*

# छत्तीसगढ़ का अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में जीत से आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बिलासपुर

अंडर-14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ अपने पहले मैच में उत्तराखंड के खिलाफ जीत के साथ शुरुआत की। रायपुर के आरडीसीए ग्राउंड में खेले गए इस मैच में सबसे पहले छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का निर्णय लिया। उत्तराखंड ने बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 115 रन बनाए, जिसमें हार्दिक अरोड़ा ने 32 रन बनाए।



छत्तीसगढ़ की तरफ से आयुष द्विवेदी ने 4 विकेट हासिल किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी पहली पारी में सधी हुई शुरुआत करते हुए प्लेयर ऑफ द मैच अयानवीर सिंह भाटिया के 71 रनों और पीयूष चंद्र की नाबाद 43 रनों की बदौलत छत्तीसगढ़ ने पहली पारी बढ़त बना ली। छत्तीसगढ़ ने पहली पारी की बढ़त के चलते मैच को अपने नाम किया। मैच ड्रा पर समाप्त हुआ

**न्यायालय- कु. गायत्री साय, नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, रायपुर, छ.ग.**
प्रकरण क्रमांक- 77B/2023, प्रोसेस क्रमांक-9
पेशी तारीख- 29/01/2024
**एचडीएफसी** ......**वादी**
**विरूद्ध**
**अनुपम तिवारी** .......**प्रतिवादी**
**बनाम- 1.** अनुपम तिवारी, आत्मज-जगदीश तिवारी, निवासी-MIG-33, कचना, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, पत्रकार नगर **2.** श्रीमती उषा तिवारी-पत्नी- अनुपम तिवारी, निवासी-MIG-33, कचना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पत्रकार नगर (छ.ग.), मो.नं.- 9407921470

**वादी** ने आप **प्रतिवादीगण** के विरूद्ध **वाद वास्ते स्वत्व की उदघोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एंव कब्जा प्रदान किये** संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख **29/01/2024** को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। आज तारीख **15/01/2024** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

**(कु. गायत्री साय)**
(मुहर) **नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय- कु. गायत्री साय, नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, रायपुर, छ.ग.**
प्रकरण क्रमांक- 78B/2023, प्रोसेस क्रमांक-10
पेशी तारीख- 29/01/2024
**एचडीएफसी** ......**वादी**
**विरूद्ध**
**अनुपम तिवारी** .......**प्रतिवादी**
**बनाम- 1.** अनुपम तिवारी, आत्मज-जगदीश तिवारी, निवासी-MIG-33, कचना, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, पत्रकार नगर **2.** श्रीमती उषा तिवारी-पत्नी- अनुपम तिवारी, निवासी-MIG-33, कचना, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, पत्रकार नगर (छ.ग.), मो.नं.- 9407921470

**वादी** ने आप **प्रतिवादीगण** के विरूद्ध **वाद वास्ते स्वत्व की उदघोषणा, स्थायी निषेधाज्ञा एंव कब्जा प्रदान किये** संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख **29/01/2024** को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा । आज तारीख **15/01/2024** को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

**(कु. गायत्री साय)**
(मुहर) **नवम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 रायपुर (छ.ग.)**

FORM NO. 14
[See Regulation 33(2)]

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/99/2023 09.01.2024

STATE BANK OF INDIA
Versus
M/S CHHATISGARH CLAY PRODUCTS

To,
(CD 1) M/S CHHATISGARH CLAY PRODUCTS
MURMUNDA, DIST- DURG, DURG (C.G.)- 482002
Also At: VASANT KUNJ, 2ND FLOOR, OPP. STATE BANK OF INDIA, NEAR JALARAM DAIRY, FAFADIH, RAIPUR (C.G.) 492009

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer, DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in OA/702/2021 an amount of Rs. 3314140 (Rupees Thirty Three Lakhs Fourteen Thousands One Hundred Forty Only) along with pendentelite and future interest @ 12% Simple Interest Yearly w.e.f. 18/08/2021 till realization and costs of Rs. 36000 (Rupees Thirty Six Thousands Only) has become due against you (Jointly and severally/ Fully / Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the notice, failing which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules thereunder.
3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.
4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on 27/03/2024 at 10:30 a.m. for further proceedings.
5. In addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:
(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate/execution proceedings.
(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: 09/01/2024
Recovery Officer
Debts Recovery Tribunal, Jabalpur
SEAL




# 90 सेकेंड के लिए रुकी 'प्रलय की घड़ी'

## ये बताएगी कब खत्म होंगे इंसान? जंग-जलवायु परिवर्तन हैं असली वजह

**एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली**

लगातार दूसरे साल प्रलय की घड़ी को आधी रात से 90 सेकेंड पर सेट किया गया है। जैसे ही इस घड़ी में 12 बजेगा, वैसे ही तय हो जाएगा कि धरती अब मनुष्यों के रहने लायक नहीं बची है। इसे कयामत की घड़ी भी कहते हैं। यहीं से शुरू हो जाएगा इंसानों का सर्वनाश. हर साल यह घड़ी यह तय करती है कि मानव जाति के प्राकृतिक, राजनीतिक, परमाणु जंग को रोकने के लिए कितना समय है।

पिछले 75 वर्षों में, घड़ी की सूइयां इस हिसाब से घूमती हैं कि जलवायु परिवर्तन और परमाणु युद्ध सहित पृथ्वी पर मानव सभ्यता को समाप्त करने वाले खतरों से निपटने के लिए कदम उठाए गए थे या नहीं। पिछले साल भी इस घड़ी की सुइयों मध्यरात्रि से डेढ़ मिनट पहले सेट किया गया था। इससे पहले ऐसे हालात शीत युद्ध के दौरान थे। दो साल से अगर इस घड़ी की सुइयां इतने पर ही सेट है, इसका मतलब ये है कि इंसान हर मामले में धरती को नुकसान पहुंचा रहा है। प्रलय के नजदीक जा रहा है। राजनीतिक, प्राकृतिक, सांस्कृतिक और पर्यावरण को बिगाड़ रहा है। बुलेटिन के अध्यक्ष और सीईओ रैशेल ब्रोंसन ने कहा कि घड़ी को ऐसे सेट करने का मतलब ये नहीं कि दुनिया स्थिर है।




### हिरोशिमा-नागासाकी बमबारी के बाद बनाई गई थी घड़ी

ब्रोंसन ने कहा कि इसका एकदम उल्टा हो रहा है। धरती को बचाने के लिए दुनिया भर की सरकारों और समुदायों के लिए कई तरह के सकारात्मक कदम उठाने होंगे। यह घड़ी और उससे जुड़े बुलेटिन के लिए परमाणु वैज्ञानिकों ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बमबारी के बाद एक समूह बनाया। यह मैनहट्टन परियोजना के तहत शिकागो यूनिवर्सिटी में बना था।

### यहां तय किया जाता है प्रलय का समय

डूम्सडे क्लॉक केलर सेंटर में स्थित है। यह शिकागो विश्वविद्यालय हैरिस स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी में है। फिलहाल शिकागो विश्वविद्यालय के प्रो. डैनियल होल्ज़ विज्ञान और सुरक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हैं, जो हर साल घड़ी की सुइयां निर्धारित करते हैं।

### घड़ी का मकसद जागरूक करना

रैशेल ने बताया कि नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश सकारात्मक कदम है। बुलेटिन ने हमेशा इस बात पर जोर दिया है कि घड़ी का उद्देश्य लोगों को भयभीत करना नहीं है, बल्कि उन्हें जागरूक करना है। सही दिशा में काम करने के लिए प्रेरित करना है। पूरा बयान दुनिया को सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक कार्रवाइयों को सूचीबद्ध करता है। लोगों से ऐसी कार्रवाई के लिए अपनी सरकारों पर दबाव डालने का आग्रह करता है।

### बढ़ता तापमान, जंग और एआई

1947 में कलाकार और बुलेटिन सदस्य मार्टिल लैंग्सडॉर्फ ने यह बताने के लिए कि मानवता अपने विनास के कितने करीब है, यह प्रलय की घड़ी बनाई थी. इस बार के बुलेटिन में रूस-यूक्रेन युद्ध, गाजा-इजरायल युद्ध और पिछले साल का सबसे गर्म वर्ष होना, विनाश की एक प्रमुख वजह मानी गई है। एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को भी विकास के लिए एक विघटनकारी तकनीक के रूप में देखा जा रहा है। इससे भ्रष्टाचार और दुष्प्रचार बढ़ने की आशंका है।

# प्रसन्ना को ग्रामीण विकास संस्थान और कांवरे को संचालक पेंशन की अतिरिक्त जिम्मेदारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

राज्य शासन ने सहकारिता विभाग के सचिव डा. सीआर प्रसन्ना को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान का महानिदेशक भी बनाया है। महादेव कांवरे को संचालक कोष एवं लेखा के साथ पेंशन की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी है। इसके अलावा पुष्पा साहू को संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा बनाते हुए सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल भी नियुक्त किया है।

राज्य शासन ने बुधवार की रात 11 आईएएस अफसरों की सूची जारी करते हुए छह अफसरों को नई जिम्मेदारी दी है वहीं पांच अफसरों को उनके वर्तमान कार्यों के साथ नया प्रभार भी सौंपा गया है। वर्ष 2006 बैच के आईएएस डॉ. सीआर प्रसन्ना सचिव सहकारिता विभाग रहते हुए महानिदेश

### 11 आईएएस अफसरों की नई पदस्थापना पुष्पा साहू को सचिव, माशिमं का भी प्रभार



ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान का काम भी देखेंगे। राजेश राणा को सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास का प्रभार सौंपा गया है इस दौरान वे सीईओ क्रेडा का काम भी संभालेंगे।

महादेव कांवरे को संचालक कोष एवं लेखा के साथ संचालक पेंशन, डोमन सिंह को मंत्रालय से अपर आयुक्त बिलासपुर संभाग बनाते हुए आयुक्त सरगुजा अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पदुम सिंह एल्मा को विशेष सचिव तकनीकी शिक्षा के साथ संचालक आदिम जाति अनुसंधान तथा प्रबंध संचालक अंत्यावसायी सहकारी वित्त विकास निगम का प्रभार, पुष्पा साहू को संयुक्त सचिव पंचायत के साथ संचालक स्थानीय निधि संपरीक्षा पदस्थ करते हुए सचिव माशिमं की जिम्मेदारी दी गई है। आनंद मसीह को सचिव पुलिस जवाबदेही प्राधिकार से आयुक्त वक्फ सर्वे, ऋतुराज रघुवंशी को संचालक स्वास्थ्य सेवा को आयुक्त सह-संचालक स्वास्थ्य सेवायें बनाया गया है। संयुक्त सचिव योजना आर्थिक एवं साँख्यिकी अमृत विकास तोपनो को सीईओ छ.ग. राज्य जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन एजेंसी की जिम्मेदारी दी गई है। तुलिका प्रजापति को संचालक महिला बाल विकास के साथ प्रोजेक्ट डायरेक्टर चिराग परियोजना तथा गोपाल वर्मा को उप सचिव मंत्रालय से सचिव राज्य सूचना आयोग के रुप में पदस्थ किया गया है।

# 'विदेशी नंबर से आए कॉल तो हो जाएं सतर्क

**गृह मंत्रालय ने किया है एलर्ट**

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया मैसेजिंग प्लेफॉर्म व्हाट्सएप पर होने वाले कई घोटालों के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाले पुलिस थिंक टैंक ने सलाह और चेतावनी जारी की है। ब्यूरो ऑफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (बीपीआरडी) ने सात तरह की ऐसी धोखाधड़ी की पहचान की है। जिसमें मिस्ड कॉल, वीडियो कॉल, नौकरी की पेशकश और निवेश योजनाओं के नाम पर धोखाधड़ी, अपहरण और स्क्रीन शेयर शामिल हैं। आठ पेज की एडवाइजरी में कहा गया कि हाइजैकिंग घोटाले के हिस्से के रूप में घोटालेबाज पीड़ित के व्हाट्सएप खाते तक अनधिकृत पहुंच बनाते हैं और उनसे संपर्क कर पैसे की डिमांड करते हैं। यहां तक कि कुछ लोगों को अज्ञात नंबरों से व्हाट्सअप वीडियो कॉल भी आते हैं, आपत्तिजनक वीडियो बनाकर धमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

### फर्जी आईडी बनाकर कर रहे जालसाज हमला

गौरतलब है कि प्रौद्योगिकी प्रमुख मेटा के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्म द्वारा लाए गए सुरक्षा सुविधाओं के बारे में जनता को विज्ञापन देने के लिए हाल ही में कई संदेश अभियान शुरू किए हैं। बीपीआरडी ने कहा कि ज्यादातर वियतनाम, केन्या, इथियोपिया और मलेशिया से संबंधित देश कोड से शुरू होने वाले नंबरों से किए गए मिस्ड कॉल के जरिए हैकर्स उपयोगकर्ताओं को ढूंढने के लिए 'कोड स्क्रिप्टेड बॉट' का उपयोग करते हैं और फिर उन्हें विभिन्न साइबर खतरों के लिए लक्षित करते हैं।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com